श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 204, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 23 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

योगी सरकार ने गांव-गांव में उतारी आरेंज फोर्स

घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार ने तैनात की आरेंज वर्दी वाले प्लंबरों की सेना

लखनऊः योगी सरकार ने गांव-गांव में आरेंज वर्दी वाले प्लंबरों की फोर्स उतार दी है। प्लंबरों की यह सेना अपने गांव की जलापूर्ति को बहाल करेगी। पानी की सप्लाई बाधित होने पर गांव वालों को अब इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्लंबर को बाहर से भी नहीं बुलाना पड़ेगा। उनके ही गांव में तैनात आरेंज वर्दी पहने प्लंबर समस्या को झटपट दूर कर पानी सप्लाई को चालू कराएगा। योगी सरकार के निर्देश पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग ने ग्रामीण परिवारों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ पाइप लाइनों की मरम्मत और रखरखाव के लिए गांव-गांव में ऑरेंज फोर्स की तैनाती की है।

गांव के युवाओं को ही किया जा रहा प्रशिक्षित

वर्दी और साजोसामान के साथ तैयार इस ऑरेंज फोर्स में गांव के युवाओं को प्लंबर कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है। जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के तहत राज्य में कुल 1.16 लाख से अधिक युवा प्लंबर कार्य के लिए प्रशिक्षित किये गये हैं। इनकी तैनाती इनके अपने ही गांव में की गई है। इन प्लंबरों का कार्य गांव में पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना और गांव में पानी सप्लाई में किसी भी प्रकार का अवरोध आने पर उसे तत्काल ठीक करना भी है।

घर-घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने में मददगार बनने वाले प्रशिक्षित प्लंबरों को अपने गांव में ही काम करके निश्चित आय भी प्राप्त होगी। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने जल जीवन मिशन में काम कर रही कम्पनियों को गांव-गांव में प्रशिक्षित प्लंबरों को अपने साथ जोड़कर उनको रोजगार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बता दें कि राज्य के प्रत्येक ग्राम पंचायत से 2 युवाओं को प्लंबर कार्य का प्रशिक्षण दिया गया है।

जल जीवन मिशन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक घर तक पाइप लाइन जानी है, टोंटी लगनी है। सप्लाई में कोई परेशानी आने पर प्लंबर उसे दुरुस्त करने का काम करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा चुका है।

डिप्लोमाहोल्डर्स के साथ डिग्रीहोल्डर ग्रेजुएट्स को भी रोजगार से जोड़ेगी योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार ने डिप्लोमाहोल्डर एवं सभी स्ट्रीम्स में डिग्रीहोल्डर युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार से जोड़ने के लिए बड़ी पहल की है। योगी कैबिनेट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (उच्च शिक्षा) का विस्तार करते हुए इसमें सभी ग्रेजुएट पास युवाओं को जोड़ने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। साथ ही, इसमें स्टाइपेंड की राशि को भी बढ़ाकर प्रतिमाह 9 हजार रुपए किया गया है। इसमें राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपए की प्रतिपूर्ति की जाएगी, जबकि बाकी राशि केंद्र सरकार एवं एंयरप्रेन्योर्स द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जिनके यहां युवा अप्रेंटिसशिप करेंगे। राज्य सरकार ने इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया है। लोकभवन के मीडिया सेंटर हॉल में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम विधान मंडल के सत्रावसान का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद 25 में से 23 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

10 लाख युवा इस वर्ष होंगे लाभान्वित

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने योगी कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि सबसे महत्वपूर्ण निर्णय मुख्यमंत्री शिक्षुता योजना को लेकर रहा।

इसमें अब तक खासतौर पर डिप्लोमाहोल्डर्स के लिए अप्रेंटिस की व्यवस्था थी, लेकिन अब नई व्यवस्था में किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएट स्टूडेंट इस योजना में सम्मिलित हो सकता है। प्रदेश के डिप्लोमा एवं सभी स्ट्रीम में ग्रेजुएट युवाओं को एनएटीएस योजना का लाभ प्रदान करने के साथ ही निजी संस्थानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह योजना लागू की जा रही है।

इस वर्ष 10 लाख युवा इस योजना से लाभान्वित हो सकते हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि इस अप्रेंटिसशिप प्रमोशनल स्कीम के अंतर्गत राज्य सरकार ने 100 करोड़ रुपए का प्रोवीजन किया है।

योगी सरकार ने कैबिनेट में 6 डेयरी प्लांट को लीज पर देने का लिया फैसला

लखनऊः योगी सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट में प्रदेश के 6 डेयरी प्लांट को 10 वर्षों के लिए लीज पर देने का अहम फैसला लिया है। इससे जहां प्रदेश के पशुपालकों को दुध का उचित मूल्य मिलेगा, वहीं आम जनमानस को गुणवत्तायुक्त दुध उपलब्ध होगा। योगी सरकार ने जिन 6 डेयरी प्लांट को लीज पर देने का निर्णय लिया है उनमें से कुछ प्लांट पूरी तरह से ठप हैं या फिर कुछ प्लांट्स क्षमता के अनुसार काम नहीं कर रहे हैं। योगी सरकार के इस फैसले से पीसीडीएफ का सुदृढ़ीकरण होने के साथ डेयरी फेडरेशन, अर्धसरकारी दुग्ध प्रसंस्करण एवं विपणन संस्थान और दुग्ध संघों को बढ़ावा मिलेगा।

प्लांट्स पर पीसीडीएफ और दुग्ध संघों का ही रहेगा स्वामित्व

योगी सरकार ने कैबिनेट में गोरखपुर, कानपुर, नोएडा, प्रयागराज, आजमगढ़ और मुरादाबाद डेयरी प्लांट को लीज पर देने का निर्णय लिया है। इन प्लांट को लीज पर भले ही दिया जा रहा है, लेकिन इनका स्वामित्व पीसीडीएफ और दुग्ध संघों का ही होगा। लीज फर्म को केवल इनके प्रबंधन और संचालन के लिए ही दिया जाएगा। लीज फर्म प्लांट की मूल संरचना के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकेंगी। बता दें कि वर्तमान में गोरखपुर प्लांट का वार्षिक टर्नओवर 110 करोड़, कानपुर का 325 करोड़, नोएडा का 438 करोड़, प्रयागराज का 65 करोड़, आजमगढ़ का 11 करोड़ और मुरादाबाद का 110 करोड़ है। ऐसे में रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) के अनुसार आवेदन करने वाले फर्मों की न्यूनतम मिल्क हैंडलिंग कैपेसिटी, लीज पर दिये जाने वाले प्लांट्स की क्षमता का 50 प्रतिशत होना अनिवार्य है। वहीं प्रथम तीन वर्षों में वार्षिक लीज रेंट समान रहेगा जबकि चौथे वर्ष से लीज रेंट में सामान्य से 5.50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाएगी।

मालूम हो कि वर्तमान में गोरखपुर का वार्षिक लीज रेंट 4.38 करोड़, कानुपर का 13.56 करोड़, नोएडा का 17.89 करोड़, प्रयागराज का 2.63 करोड़, आजमगढ़ का 44 लाख और मुरादाबाद का 4.38 करोड़ है।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराया

डसेलडोर्फ। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां खेले जा रहे 4 देशों के टूर्नामेंट में स्पेन को 2-1 से शिकस्त दी। भारत के लिए अन्नू (21') और साक्षी राणा (47') ने एक-एक गोल किया, जबकि स्पेन के लिए लीमा टेरेसा (23') ने गोल किया। भारत ने पहले क्वार्टर में आक्रामक रूख अपनाया, लेकिन स्पेन के मजबूत डिफेंस को भेदने में सफल नहीं हो सका। पहला क्वार्ट गोलरहित समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर की शुरूआत तेज गति के साथ हुई। भारत ने बढ़त लेने की कोशिश में अपने हमलों की गति बढ़ा दी और इसका उसे फायदा भी मिला। अन्नू ने 21वें मिनट में एक अच्छा फील्ड गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया। हालाँकि, दो मिनट बाद ही मैच के 23वें मिनट में लीमा टेरेसा ने फील्ड गोल करके स्पेन को 1-1 की बराबरी दिला दी। मध्यांतर तक स्कोर 1-1 से बराबर रहा। तीसरा क्वार्टर भी गोलरहित रहा, हालांकि चौथे क्वार्टर में भारत ने बढ़त लेने की कोशिश में आक्रामक कदम उठाने शुरू कर दिये, जिसका फायदा भी टीम को मिला। मैच के अंतिम क्वार्टर में साक्षी राणा (47') ने बेहतरीन फील्ड गोल कर भारत को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद, स्पेन ने बराबरी की तलाश में जवाबी हमला किया, लेकिन भारतीय टीम के डिफेंस ने बेहतरीन प्रदर्शन कर स्पेन के हर हमले को नाकाम कर दिया और अंत में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की।

भारतीय प्रधानमंत्री पहुंचे दक्षिण अफ्रीका, हवाईअड्डे पर हुआ जोरदार स्वागत

जोहान्सबर्ग। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दक्षिण अफ्रीका पहुंच गए हैं। वाटरक्लूफ एयरफोर्स बेस स्थित हवाई अड्डे पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) की शिखर बैठक में भाग लेने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार शाम को पहुंचे। वे तीन दिन तक दक्षिण अफ्रीका में रहेंगे। हवाई अड्डे पर उनका विमान उतरते ही उनकी परंपरागत अगवानी की गयी। प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में भारी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग मौजूद रहे। इस दौरान मोदी ने लोगों का अभिवादन किया और हाथ भी मिलाया। इससे पहले भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास जताया कि यह सम्मेलन सदस्य देशों को भविष्य के सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करने और संस्थागत विकास का जायजा लेने का उपयोगी अवसर प्रदान करेगा। वर्ष 2019 के बाद ब्रिक्स नेताओं का पहला आमने-सामने का शिखर सम्मेलन है। प्रधानमंत्री मोदी ने जानकारी दी कि वे ब्रिक्स-अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। चिंता का सबब बने विभिन्न मुद्दों और विकास के अन्य क्षेत्रों पर चर्चा करने के वास्ते मंच प्रदान करेगा।

यह दिल्ली या महाराष्ट्र का नहीं, देश का सुप्रीम कोर्ट है: सीजेआई

नई दिल्ली। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने जजों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली का बचाव किया है। सुप्रीम कोर्ट के नव नियुक्त दो जजों- जस्टिस उज्जवल भुईयां और जस्टिस एसवी भट्टी के सम्मान समारोह में चीफ जस्टिस ने कहा कि इन दोनों की जज के तौर पर नियुक्ति दशार्ती है कि यह दिल्ली या महाराष्ट्र का सुप्रीम कोर्ट नहीं है, यह देश का सुप्रीम कोर्ट है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में चीफ जस्टिस ने कहा कि जजों की नियुक्ति के लिए सिफारिश करते वक़्त कॉलेजियम का मकसद यही रहता है कि हम भारत की विविधता को समेट सकें। यहां महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से ताल्लुक रखने वाले दो जज हरियाणा से जुड़े मामले पर फैसला लेते हैं। यही सुप्रीम कोर्ट की खासियत है। चीफ जस्टिस ने कहा कि लोगों के विश्वास को जीतने के लिए जरूरी है कि सुप्रीम कोर्ट में विविधता बनी रहे। लोग न्यायपालिका पर विश्वास करना शुरू कर देंगे, जब वो फैसला सुनाने वाले जजों में अपनी छवि देखेंगे।

अनुच्छेद 370 पर पांच सदस्यीय संविधान बेंच में आठवें दिन की सुनवाई पूरी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने अनुच्छेद 370 पर मंगलवार को आठवें दिन की सुनवाई पूरी कर ली है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान बेंच ने कहा कि सरकार के इस कदम का विरोध कर रहा याचिकाकर्ता पक्ष कल दोपहर तक अपनी दलीलें खत्म कर ले।

केन्द्र ने घरेलू बाजार में 2 लाख मीट्रिक टन चीनी का किया अतिरिक्त आवंटन

नई दिल्ली। आगामी त्योहारों जैसे ओणम, रक्षा बंधन और कृष्ण जन्माष्टमी को देखते हुए केन्द्र सरकार ने अगस्त महीने के लिए चीनी का 2 लाख मीट्रिक टन का अतिरिक्त कोटा आवंटित किया है। अगस्त माह के लिए पहले से 23.5 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) चीनी का आवंटन हो चुका है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार घरेलू बाजार में अतिरिक्त चीनी से पूरे देश में इसके दाम उचित बने रहेंगे। चीनी की कीमतों में हालिया वृद्धि जल्द ही नियंत्रण में आ जाएगी। हर साल जुलाई-सितंबर के दौरान अगले सीजन से ठीक पहले कीमतें बढ़ती हैं और फिर गन्ना पेराई शुरू होने पर कीमतें कम हो जाती हैं। इस प्रकार चीनी की कीमत में वृद्धि बहुत मामूली और छोटी अवधि के लिए है। मंत्रालय का कहना है कि पिछले एक साल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीनी की कीमतों में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके बावजूद देश में चीनी की औसत खुदरा कीमत लगभग 43.30 रुपये प्रति किलोग्राम रही है।

सीतारमण ने अधिकारियों से प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर जोर देने का किया आह्वान

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने अधिकारियों से प्रक्रियाओं के सरलीकरण पर जोर देने का आह्वान करते हुए कहा कि अमृतकाल में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ काम किया जाना चाहिए।

सीतारमण ने गुजरात के केवडिया में मंगलवार को वित्त और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालयों के चिंतन शिविर के तीसरे और अंतिम दिन हमारी दक्षता में सुधार विषय पर आयोजित सत्र के अपने समापन भाषण में ये बात कही। उन्होंने कहा कि सुधार नीति में प्रभावशीलता निरंतरता से जारी रहती है, जिसमें व्यक्तिगत और प्रणालीगत दक्षता दोनों पर ध्यान देना समय की मांग है। उन्होंने अधिकारियों से अगले 24 साल की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए परिणाम देने के साधन विकसित करने के लिए नए और युवा सहयोगियों को लगातार सलाह देने का भी आह्वान किया। चिंतन शिविर के इस सत्र में चर्चा कौशल विकास, मजबूत संगठनात्मक प्रक्रियाओं को बनाए रखने, फाइल प्रबंधन प्रणालियों को सुव्यवस्थित करने और निर्णय लेने में तेजी लाने के इर्द-गिर्द घूमती रही।

राजस्थान को मिला पांचवां टाइगर रिजर्व, धौलपुर-करौली को एनटीसीए ने दी मंजूरी

नई दिल्ली। राजस्थान में टाइगर रिजर्व की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने मंगलवार को धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व को मंजूरी दे दी है। धौलपुर, करौली और भरतपुर के जंगलों को जोड़कर पांचवां नया टाइगर रिजर्व बनाया गया है। राज्य में फिलहाल सवाई माधोपुर जिले का रणथम्भौर, अलवर जिले का सरिस्का, कोटा जिले का मुकुंदरा और बूंदी जिले का रामगढ़ टाइगर रिजर्व हैं। मंगलवार को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने ट्वीट करके कहा कि राजस्थान में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ा प्रयास रंग लाया। खुशी जताते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को एक और टाइगर रिजर्व मिल गया है। धौलपुर-करौली टाइगर रिजर्व को एनटीसीए ने अंतिम मंजूरी दे दी है।

भारत ने टकराव वाले पॉइंट से सैनिकों की जल्द वापसी को लेकर चीन पर दबाव डाला

नई दिल्ली। भारत और चीन के बीच हुई 19वें दौर की सैन्य वार्ता में कई बड़े मुद्दों पर सहमति बनी है। गतिरोध के बावजूद दोनों देश वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब कोई नई पोस्ट न बनाने और हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से परहेज करने पर सहमत हुए हैं। यह पहली बार है कि सीमा विवाद पर उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता दो दिनों तक चली और दो दिनों में कुल मिलाकर करीब 17 घंटे तक चर्चा हुई। बैठक में भारत ने डेप्सांग और डेमचोक समेत अन्य टकराव वाले पॉइंट से सैनिकों की जल्द वापसी को लेकर चीन पर दबाव डाला। भारत-चीन के बीच मेजर जनरल स्तरीय यह बैठक 13-14 अगस्त को भारतीय सीमा पर चुशुल-मोल्डो में हुई थी। साढ़े तीन साल से चल रहे गतिरोध के बीच यह बैठक सबसे ज्यादा 70 घंटे तक चली, जिसमें हुई चर्चा और बनी सहमति की जानकारी अब निकलकर सामने आई है। दोनों पक्षों में इस बात पर पारस्परिक सहमति बनी है कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के करीब कोई नई पोस्ट नहीं बनाई जाएगी। इसके अलावा दोनों देश ड्रोन के जरिये हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने से परहेज करने और एलएसी पर सैनिकों की संख्या न बढ़ाने पर भी सहमत हुए हैं। पूर्वी लद्दाख में गतिरोध को हल करने के लिए हुई इस वार्ता में भारत का प्रतिनिधित्व मेजर जनरल पीके मिश्रा और मेजर जनरल हरिहरन ने किया था। बातचीत के दौरान पूर्वी लद्दाख में तनाव वाले इलाके में सैनिकों को पीछे हटाने और तनाव कम करने पर चर्चा हुई। भारत की ओर से डेप्सांग और डेमचोक इलाके पर चर्चा की गई। दोनों देश गश्त की 'सीमाओं' को परिभाषित करने, एक-दूसरे की गश्त के बारे में पूर्व सूचना का आदान-प्रदान करने, सीमा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने और बफर जोन से दोनों पक्षों के सैनिकों को कम करने पर सहमत हुए हैं।

भारत-फिलीपींस तटरक्षक के बीच द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने का समझौता

नई दिल्ली। भारत और फिलीपींस तटरक्षक बल के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए मंगलवार को नई दिल्ली में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू का उद्देश्य समुद्री कानून प्रवर्तन (एमएलई), समुद्री खोज और बचाव (एम-एसएआर) और समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया (एमपीआर) के क्षेत्र में दोनों तटरक्षकों के बीच पेशेवर जुड़ाव को बढ़ाना है। रखा मंत्रालय ने एक बयान में बताया है कि भारतीय तटरक्षक बल ने समुद्री सहयोग बढ़ाने पर फिलीपींस तटरक्षक (पीसीजी) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। तटरक्षक मुख्यालय, नई दिल्ली में हुए समझौता ज्ञापन पर भारतीय तटरक्षक के महानिदेशक राकेश पाल और फिलीपींस तटरक्षक (पीसीजी) के कमांडेंट एडमिरल आर्टेमियो एम अबू ने हस्ताक्षर किए हैं। दोनों पक्षों ने समुद्री क्षेत्र की समस्याओं पर अपनी पहली द्विपक्षीय बैठक की। हुए समझौते का उद्देश्य समुद्री कानून प्रवर्तन (एमएलई), समुद्री खोज और बचाव (एम-एसएआर) और समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया (एमपीआर) के क्षेत्र में दोनों तटरक्षकों के बीच पेशेवर जुड़ाव को बढ़ाना है।

खबर संक्षेप

नवोदय में प्रवेश हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 25 अगस्त तक बढ़ी

मेजा। कक्षा 6 सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए जवा नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2024 के लिए ऑनलाइन पंजीकरण जारी है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2023 तक आगे बढ़ा दी गई है। वेबसाइट पर जाकर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। नवोदय मेजा की प्राचार्य श्रीमती सुधा सेठी ने बताया कि (पुरुष / महिला), श्रेणी (सामान्य / ओबीसी / एससी / एसटी), क्षेत्र (ग्रामीण / शहरी), विकलांगता और परीक्षा का माध्यम के क्षेत्रों में पंजीकृत उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्रों में संशोधन करने के लिए सुधार विंडो ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद दो दिनों तक खुली रहेगी।

बिना कमीशन केसीसी भुगतान देने में आना कानी

पसना। किसानों को समय पर खाद बीज हेतु आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े इस हेतु केंद्र सरकार ने सभी बैंकों को किसान क्रेडिट कार्ड बनाने हेतु दिशा निर्देश दे रखे है,लेकिन बैंक शाखा प्रबंधक किसानों को केसीसी बनवाने हेतु रोज बैंक का चक्कर लगवाते हैं ऐसा ही एक वाकिया भारतीय स्टेट बैंक की बसहरा शाखा में देखने को मिला। सींकी कला निवासी किसान जटाशंकर व दिव्यांग किसान लालमणि ने बताया कि हम लोगों ने स्टेट बैंक की बसहरा शाखा से किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन किया था,जिसकी सारी प्रक्रिया पूरी होकर खाता भी खुल गया है लेकिन अभी तक भुगतान नहीं हो पाया। जबकि इस समय धान की फसल में खाद की सख्त जरूरत है।शुक्रवार को प्रबंधक ने दोपहर से शाम तक भुगतान के लिए बैठाए रखा लेकिन बिना 10%कमीशन लिए पैसा देने से मना कर दिया।भुक्तभोगी किसान ने बताया मैनेजर नशे में हमारे साथ दुर्व्यवहार भी किए,कमीशन मांगने का वीडियो भी मेरे पास मौजूद है।

नाग पंचमी पर विशाल भंडारे का आयोजन

नैनी। नैनी नाग पंचमी के अवसर पर सोमवार को नैनी क्षेत्र में शंकरढाल समेत कई स्थानों पर गुड़िया का मेला लगा। मेले में महिलाओं और बच्चों ने झूले का आनंद लिया। शंकरढाल पर लगे मेले में देर रात तक भीड़ उमड़ी रही। शिवालयों में पूजा अर्चना की गई। चैम्पियन कंपनी के सामने मीरजापुर रोड पर स्थित शिव हनुमान मंदिर में व्यापक स्तर पर भजन कीर्तन और विशाल भंडारा का आयोजन किया गया था। संयोजक आशीष सिंह आशु एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल रमेश केसरवानी राज सिंह प्रियांशु तिवारी सचिन केसरवानी छोटू अजीत गुप्ता आशुतोष पटेल अर्पित तिवारी सहयोगियों ने प्रसाद वितरित किए।

मेजा क्षेत्र के युवक की बनारस गंगा स्नान के दौरान डूबने से मौत

अखंड भारत संदेश

सिरसा। लोटाढ गुरुदत्त पुरा का निवासी अरुण कुमार सोनी का पुत्र अंकुश सोनी सोमवार को बनारस गंगा घाट गया था, जहां स्नान के दौरान डूबने से उसकी मौत हो गई।कोतवाली क्षेत्र के गुरुदत्त पूरा निवासी अंकुश सोनी (17) पुत्र अरुण सोनी सोमवार को अपने मित्र के साथ वाराणसी में दर्शन पूजन के लिए गया था। दशाश्वमेध घाट पर गंगा स्नान करते वक्त डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। साथ में स्नान कर रहे दोस्तों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन वाराणसी पहुंचकर मामले की पूरी जानकारी ली। दशाश्वमेध चौकी इंचार्ज भोला मिश्रा मौके पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ा लड़का था, घर पर रह कर पढ़ाई करता था। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो रहा है।

आईपीएस ने किया बड़ा खुलासा एक कड़ी से 6 लोग गिरफ्तार

आभूषण समेत हजारों की नकदी हुई बरामद

प्रयागराज। खुल्दाबाद थाना अंतर्गत लूकरगंज इलाके में 9 अगस्त को चोरों ने कृष्ण गुप्ता के घर में नकबजनी की घटना अंजाम दिया था। जिसमें घर से चोरों ने सोने और चांदी के गहने और 85000 पर हाथ साफ कर दिया था पुलिस ने मंगलवार को 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया जो सभी फिरोजाबाद जनपद के रहने वाले है। प्रयागराज पुलिस की खुल्दाबाद टीम ने लूकरगंज में कई नकबजनी की घटना का खुलासा करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने 68000 नकद, पीली धातु और स्फेद धातु के आभूषण बरामद करते हुए जेल भेज दिया। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल और ट्रेनी आईपीएस नीतू ने बताया कि यह एक अंतरार्जीय गिरोह है जो घूम घूम कर इस तरह घटना को अंजाम देता हैं। गिरोह के सदस्य विभिन्न शहरों के मोहल्ले में बंद मकान की रेकी करते थे। फिर रात में दीवार या छत में सेध लगाकर नकबजनी की घटना को अंजाम देते थे। उनके विभिन्न आपराधिक घटनाओं में लिप्त होने के कारण कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों के ऊपर पहले से चोरी का मुकदमा पंजीकृत है और इनमें से कुछ के ऊपर लूट अपहरण हत्या का प्रयास गैंगस्टर जैसे मामले दर्ज हैं।

न्यूज झरोखा

श्रीमद्भागवत कथा अमृत पान करने से संपूर्ण पापों का नाश होता है : विद्याधर दास महाराज

प्रतापपुर। श्री सांईनाथ शिवधाम मंदिर, विश्वंभरपुर मिजार्पुर उग्रसेनपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास ब्रज रसिक विद्याधर दास महाराज श्रीधाम वृन्दावन ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा व्यास ने कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। कंस का आमंत्रण मिलने के बाद भगवान श्री कृष्ण बड़े भाई बलराम जी के साथ मथुरा को प्रस्थान करते हैं। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए।कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं परंतु मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है कलयुग में ईश्वर का नाम ही काफी है सच्चे हृदय से हरि नाम के सुमिरन मात्र से कल्याण संभव है। कार्यक्रम में आरती प्रसाद वितरण किया गया जिसमें विनोद शंकर दुबे, अंकुश दूधनाथ उपाध्याय, धनंजय सिंह पुष्पेंद्र, शशिकांत तिवारी सहित तमाम ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

बाइक व साइकिल की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर

रत्योरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के पसना गांव में मंगलवार को दोपहर एक बजे के आसपास बाइक व साइकिल की भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार जहां गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं साइकिल सवार को भी आंशिक रूप से चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक बालकृष्ण गुप्ता पुत्र राजाराम गुप्ता (30) निवासी सिरोखर थाना कोरांव मुंबई रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। सोमवार को शाम वह घर आया था मंगलवार को सुबह किसी काम को लेकर कोरांव बाजार आया हुआ था। कोराव बाजार से वापस घर लौटते समय पसना गांव के समीप कोराव मेजा मार्ग पर बाइक सवार की साइकिल सवार से भिड़ंत हो गई। बाइक सवार व साइकिल सवार दोनों कुछ दूरी तक सड़क पर घसीटते रहे। बाइक सवार बालकृष्ण गुप्ता के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वही साइकिल सवार विलड पुत्र कल्लू निवासी पसना थाना कोरांव को भी आंशिक रूप से चोटें आई हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल बालकृष्ण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। हादसे में क्षतिग्रस्त साइकिल व बाइक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

मेजा क्षेत्र मे बढ़ रही चोरी की घटनायें , प्रशासन मौन

मेजा। मेजा थाना क्षेत्र मे बीते दिनों चार दिन के अंदर लगभग चार से पांच घरों में चोरों ने चोरी का अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दया शंकर प्रजापति पुत्र सीताराम निवासी मेजा खास के घर बीती रात चोरो ने लाखो की नगदी सहित गहने उडा दिये। संवाददाता से वार्ता पर दयाशंकर ने बताया कि 2:00 बजे जब नींद खुली तो घर के नीचे जाकर देखा तो अलमारी, बक्सा, अटैची का सामान बिखरा पड़ा हुआ था उसके बाद पीड़ित ने 112 फोन कर अपनी आपबीती बताई। मंगलवार को पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया ।

मऊआइमा के मो शादान का हुआ जे एनयू में प्रवेश पर क्षेत्र में खुशी की लहर

मऊआइमा। मऊआइमा के स्टैंडर्ड इंटरकालेज के प्रवक्ता मोहम्मद असलम के पुत्र मोहम्मद शादान ने देश की सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय जे. एन. यू. के एम. ए. हिस्ट्री प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया 9 वीं रैंक प्राप्त कर स्कूल और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बताया गया है कि मोहम्मद शादान इसके पूर्व अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से स्नातक की परीक्षा 75% अंकों के साथ उत्तीर्ण किए। इस सफलता पर उन्हें विद्यालय के प्रबंधक,मोहम्मद युनुस , प्रधानाचार्य राकेश यादव तथा शिक्षक लियाकत अली, आबिद लतीफ, मोहम्मद मेराज, कमरुज्जमा आदि ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दिए तथा नगरपंचायत क्षेत्र के लोगो मे खुशी का माहौल व्याप्त है।

सेननगर और मवैया मोड़ से धरे गए चोर, चोरी की बैट्री बरामद

शंकरगढ़ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में की गिरफ्तारी

शंकरगढ़। यमुनानगर के शंकरगढ़ थाने की पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारियां सेननगर और मवैया मोड़ से की गई हैं। पुलिस ने चोरी की एक बैट्री भी रिकवर की है। एसआई अश्विनी कुमार वर्मा ने बताया कि धारा 379 के संबंध में दर्ज केस के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। क्षेत्र के महैवा पहलवान मोड़ से शत्रुघ्न आदिवासी पुत्र कामता प्रसाद आदिवासी (निवासी ग्राम अकौरिया) और लवकुश आदिवासी पुत्र प्रवेशमन आदिवासी (निवासी उपरोक्त) को मुखबिर की सूचना पर धरा गया। इनके कब्जे से चोरी की एक बैट्री भी बरामद हुई है। पूछताछ के बाद सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज करते हुए दोनों का चालान भेज दिया गया है। पुलिस टीम में कांस्टेबल बलिराम सिंह और दीप कुमार भी शामिल रहे।

सेननगर तिराहे से धरा गया शिवकुमार : इसी तरह शंकरगढ़ पुलिस ने चोरी के ही मामले में शिवकुमार को गिरफ्तार किया है। एसआई ऋतुराज सिंह ने बताया कि धारा 379 के एक मामले में शिवकुमार कुशवाहा पुत्र दुबरी कुशवाहा को सेननगर तिराहे से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शिवकुमार कुशवाहा पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पंतरवा तालाब के पास का निवासी है। सुसंगत धाराओं में केस दर्ज करते हुए आरोपी का चालान भेज दिया गया है।

अपहरण व दुष्कर्म के अभियोग से जुड़ा बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

नैनी। नैनी औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस द्वारा अपहरण व दुष्कर्म के अभियोग से संबंधित एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष औद्योगिक क्षेत्र सुभाष सिंह के कुशल नेतृत्व में उनकी पुलिस द्वारा थाना औद्योगिक क्षेत्र में पंजीकृत मु0अ0सं0 93/23 धारा 363/366/376 भा0द0वि0 व 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित एक बाल अपचारी को थाना औद्योगिक क्षेत्र को आई.टी.आई. के पास से थाना क्षेत्र से पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।थानाध्यक्ष के अनुसार पुलिस अभिरक्षा में लिए गये बाल अपचारी के विरुद्ध संवैधानिक विधिक कार्यवाही की गयी।

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्राम प्रधान ने किया प्रति योगिता का आयोजन

प्रथम स्वेता को 5100, द्वितीय अमृता को 4100, तृतीय आशीष को 2100 रुपयों से नवाजा गया

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा के हरख पुर स्थित पंचायत भवन में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ग्राम प्रधान आदि द्वारा एक लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मऊआइमा विकास खण्ड क्षेत्र के हरखपुर पंचायत भवन में ग्राम प्रधान हरखपुर के अच्छी पहल पर ,शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक लिखित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 50 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्वेता यादव को 5100 रुपया,द्वितीय अमृता यादव 4100 रूपया तृतीय आशीष यादव 2100 सौ रुपए देकरसम्मानित किया गया और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अन्य बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया जिसमें छात्रों का हौसला बढ़ाने के लिए ए डीओ पंचायत प्रेमदास ,ग्राम विकास अधिकारी दिनेश कुमार पटेल ,ग्राम विकास अधिकारी वंदना पटेल, अशोक कुमार विश्वकर्मा ,रवि कुमार यादव ,आशीष कुमार विश्वकर्मा, शिवचरण यादव ,अजय यादव, रवि यादव, संजय कोटेदार ,विनय कुमार ,मुलायम मिठाई लाल गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

शुआट्स में इंटर हाउस फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन

नैनी, प्रयागराज। शुआट्स स्पोर्ट्स टूनार्मेंट 2023-24 के नए सत्र में सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के फुटबॉल ग्राउंड में प्रथम प्रतियोगिता इंटर हाउस फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया गया। डॉ. सी जॉन वेस्ली, अध्यक्ष एथलेटिक्स समिति एवं संयुक्त रजिस्ट्रार, शुआट्स उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि थे। डॉ. (श्रीमती) सुनीता बी. जॉन, विभागाध्यक्षा शारीरिक शिक्षा विभाग और सचिव एथलेटिक्स समिति ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। शुआट्स के सहायक प्रोफेसर अजय कुमार द्वारा डॉ. सुनीता बी. जॉन को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को सच्ची खेल भावना और जुनून के साथ खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया, उन्होंने उद्घाटन अवसर पर सभी को बधाई भी दी। उद्घाटन मैच पिंक हाउस और येलो हाउस के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच पिंक हाउस ने 1-0 से जीता। इस अवसर पर पूर्व राज्य फुटबॉल कप्तान उत्तर प्रदेश श्री रईस अहमद, श्री गौरव सुमन, श्री आशीष मैसी, डॉ. अचिंत टैरेंस, श्री अशोक कुमार सिंह, डॉ. दीप्ति जोशी, श्री राकेश साहू, श्री तनवीर अहमद, श्री प्रवीण राय, श्री बिपिन कुमार सिंह एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे। टूनार्मेंट का आयोजन फुटबॉल खेल प्रभारी श्री अजय कुमार की देखरेख में हुआ।

कपुरी बढ़ैया के गौशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार पुआल की कुट्टी के सहारे जी रहे मवेशी

अखंड भारत संदेश

रत्योरा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आवारा पशुओं को गौशालाओं में रखकर उन्हें संरक्षित करने व समय-समय पर चारा पानी देने तथा उनकी देखभाल के लिए भले ही आला अफसरों को कड़े फरमान जारी किया हो लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग ही देखी जा रही है। विकासखंड कोरांव के गौशालाओं में व्यवस्थाओं का अंबार देखा गया। मंगलवार को विकासखंड के कपुरी बढ़ैया गांव में संचालित हो रहे बाबा गोरक्षनाथ अस्थाई गोआश्रय केंद्र का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। जहां सिर्फ पुआल की कुट्टी के सहारे मवेशी जी रहे हैं। चरही में चुनी चोकर व हरे चारे का नामोनिशान नहीं था। सिर्फ सूखी पुआल की कुट्टी पड़ी हुई थी। मवेशी चरही में ही खड़े थे पुआल की कुट्टी में गोबर की गंदगी व मल मूत्र पड़ा देखा गया। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि जैसे गोशाले के चरही की साफ-सफाई भी नहीं की जाती है। गौशाला में मौजूद रहे गोपालक रामेश्वर प्रसाद से जब पूछा गया कि मवेशियों को सिर्फ पुआल की कुट्टी दी जाती है या भूसा भी तो गौपालक के द्वारा खुद बताया गया कि तीन दिन से सिर्फ पुआल की कुट्टी ही दी जा रही है। हफ्ते में दो दिन चुनी व चोकर दिया जाता है। बाकी दिन सूखी पुआल की कुट्टी ही पशु खाते हैं। पशु चिकित्साधिकारी डॉ सालिकराम व गौपालक रामेश्वर प्रसाद के द्वारा गौशाला में पशुओं की संख्या 275 बताई गई जबकि मौके पर पशुओं की संख्या कम दिखी। पशुओं की संख्या कम होने की बात जब पूछी गई तो गौपालक के द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह पहले पशुओं को चराने के लिए गौशाल से बाहर निकाल दिया था जिससे पशु भाग गए हैं धीरे-धीरे करके आ रहे हैं और बराबर हो जाएंगे। यही हालत पसना में संचालित हो रही अस्थाई गौशाला में भी देखा गया। सिर्फ पुआल की कुट्टी ही दी जा रही है। हरे चारे व चुनी चोकर के अभाव में गौशालाओं में मवेशी बीमार पड़े हुए हैं। कुछ मवेशी ऐसे दिखे जो अपने से उठ तक नहीं सकते हैं। जिन गांवों में गौशालाएं संचालित हो रही हैं उन गांव के ग्राम प्रधान चुनी चोकर व हरे चारे का भी पैसा डकार जा रहे हैं। गौशालाओं के नाम पर सिर्फ सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। गौशालाओं में रह रहे पशुओं की देखभाल उनके स्वास्थ्य से जिम्मेदारों का कोई लेना-देना नहीं है। सिर्फ उनकी जेबें भरनी चाहिए। जेब भरने के चक्कर में पशुओं को सिर्फ सूखी पुआल की कुट्टी दी जा रही है। स्थानीय लोगों ने मनमाने तरीके से संचालित हो रही गौशालाओं के जांच करवाई की मांग की है। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र सिंह यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि समय-समय पर गौशालाओं का निरीक्षण किया जाता है। अगर खामियां हैं तो निरीक्षण कर जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

चरही में दिखी सिर्फ पुआल की कुट्टी, चुनी चोकर व हरे चारे का नामोनिशान नहीं

बैक मैनेजर द्वारा कमीशन मांगने का वीडियो हो रहा वायरल

अखंड भारत संदेश

एसबीआई बैंक बसहरा का मामला किसानों ने लगाया है आरोप



रत्योरा। सूबे की योगी आदित्यनाथ सरकार भले ही किसानों को उनकी तरक्की व उनके कामों में सहूलियत प्रदान करने के लिए केसीसी ऋण देने के कड़े फरमान जारी किए हों लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग ही नजर आ रही है। किसानों को केसीसी ऋण के नाम पर बैंक के शाखा प्रबंधकों के द्वारा छः महीने दौड़ा दिया जाता है। इतना ही नहीं केसीसी बनने के बाद जब तक किसान कमीशन नहीं देते हैं, तब तक उनके पैसे का भुगतान भी नहीं दिया जाता है। ऐसा ही एक मामला भारतीय स्टेट बैंक शाखा बसहरा का प्रकाश में आया है। जहां सींकी कला गांव के दो किसान क्रमशः लालमणि जो दिव्यांग है और जटाशंकर चार महीने पूर्व से केसीसी बनवाने के लिए बैंक का चक्कर लगा रहे हैं। केसीसी बन जाने के बाद जब भुगतान की बारी आई तो शाखा प्रबंधक के द्वारा 10% कमिशन की मांग की जाने लगी। कमीशन न देने पर केसीसी ऋण का भुगतान किसानों को नहीं दिया जा रहा है। वायरल हो रहे वीडियो में शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार साहू खुद कहते नजर आ रहे हैं कि सिर्फ लेना है देना तो है नहीं ? 5% कमीशन किसान देने को तैयार थे लेकिन शाखा प्रबंधक बगैर 10% कमीशन लिए उनका भुगतान नहीं दिया। मामला बीते शुक्रवार 18 अगस्त का है दिव्यांग किसान लालमणि ने बताया कि हम लोग 12 बजे से लेकर 5 बजे तक बैंक में बैठे रहे। अब दे रहा हूं तब दे रहा हूं का बहाना लगाकर मैनेजर भुगतान नहीं किया। जब 5 बजा तो वह कहा कि जब तक 10% कमीशन नहीं दोगे भुगतान नहीं करेंगे। जिससे निराश होकर किसान वापस घर लौट गए। बताया जा रहा है कि शनिवार व सोमवार को शाखा प्रबंधक बैंक नहीं आए। इसी प्रकार किसान जटाशंकर ने बताया कि 4 महीने से केसीसी बनवाने के लिए बैंक का चक्कर लगा रहा हूं। केसीसी बनने के बाद अब बिना कमीशन के भुगतान नहीं दिया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि बैंक मैनेजर शराबी है। शराब के नशे में बैठकर काम करता है। महिलाओं से अभद्रता करता है। बसहरा गांव की रहने वाली महिला सोनी यादव ने बताया कि समूह की ही दीदी का एग्रीमेंट पर बसहरा बैंक में जनरेटर चलता है। अब मैनेजर के द्वारा हटा लेने की बात कही जा रही है। जबकि एग्रीमेंट की अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। फिर भी जबरन मैनेजर जनरेटर हटा लेने की बात कह रहा है। इस बाबत बात करने समूह की महिलाओं के साथ पहुंची थी कि उन महिलाओं से भी मैनेजर ने अभद्रता करते हुए चले जाने और सोमवार को मिलने की बात कही थी लेकिन सोमवार को बैंक मैनेजर बैंक ही नहीं आए। इस संदर्भ में शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार साहू से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनका फोन बंद मिला। मामले से एसडीएम कोरांव को अवगत कराने का भी प्रयास किया गया लेकिन सीयूजी व प्राइवेट दोनों नंबर बंद मिले।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन

नैनी। शुआट्स के एथेलिंड कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के टेक्सटाइल एंड डिजाइनिंग एवं फैमली रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंसेस विभाग में तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. गौतम घोस, फैकल्टी डीन, एग्रीकल्चर ने किया। प्रदर्शनी का आयोजन एकता शर्मा, एसोसिएट प्रो एवम हेड डिपार्टमेंट ऑफ टेक्सटाइल एवम अपैरल डिजाइनिंग, डा निशा चाको,असिस्टेंट प्रो तथा हेड डिपार्टमेंट ऑफ फैमली रिसोर्स मैनेजमेंट के संरछड़ में किया गया। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पादों जैसे बांधनी सारी, बलॉक तथा स्क्रीन प्रिंटेड चादरों,कुशन कवर , टोट बैग, पाउचेज,हाथ की कढ़ाई से बनी कुर्ती,दुप्पटे,वाल पैनल तथा हेयर एक्सेसरीज आदि प्रदर्शित किए गए जो की सेल के लिए भी उपलब्ध है।इसके अलावा कुछ गृह सज्जा उत्पाद हस्त निर्मित मचिया ,हस्तनिर्मित साबुन ,आचार ,चाय मसाला,मल्टीग्रेन आटा , मिलेट आटा जैसी अन्य उत्पाद भी उपलब्ध थे। इस अवसर पर शुआत्स रजिस्ट्रार प्रो डा रानू प्रसाद ने भी वहा पहुंचकर छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। प्रदर्शनी में दिव्यांग छात्रों के द्वारा निर्मित किए होम फर्निशिंग तथा अपैरल भी उपलब्ध थे।

जसरा के कैलाश धाम मंदिर में नाग पंचमी पर खेलों का किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश

कबड्डी, गोला फेक और लंबी कूद में क्षेत्रीय खिलाड़ियों ने दिखाया दम

जसरा। जसरा के कैलाश धाम मंदिर पर नाग पंचमी के अवसर पर मंगलवार को विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा रही। प्रतिवर्ष की तरह नाग पंचमी के अवसर पर गोला फेंक में विजय चंद्र कुशवाहा को प्रथम स्थान व अर्पित कुशवाहा को द्वितीय तथा वकील को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। लंबी कूद में अंकुश पाल को प्रथम, गौरीशंकर पटेल द्वितीय, सुनील पाल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कबड्डी में लगभग एक दर्जन टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच तेवरिया करछना व कैलाश धाम खटंगिया की टीम के बीच खेला गया। जिसमें कैलाश धाम की टीम ने देवरिया को 30 -15 से एक तरफा मैच में हराकर जीत हासिल की। विजेता टीम को समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष सोनू केसरवानी की ओर से ?5100 व उपविजेता को ?3100 का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर आयोजक धीरेंद्र चौहान,कन्हैया लाल कुशवाहा, उमेश पाल की ओर से ट्राफी प्रदान की गई और खेलों पर अंकुर केसरवानी, धीरेंद्र केसरवानी, गोलू जायसवाल, विनय यादव, राजेंद्र यादव, रेफरी पवन कुमार पटेल, रविंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव ,नितिन पटेल आदि ने प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया।

आवारा पशु बने काल : निमंत्रण में जा रहे दो भाइयों की बाइक टकराकर पलटी, एक की मौत, दूसरा गंभीर

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। घूरपुर थाना क्षेत्र में मिश्रा बांध के पास आवारा पशुओं से बचने के चक्कर में एक बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद एक भाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।यमुनानगर के कौंधियारा थाना क्षेत्र के बरेठिया गांव निवासी अनिल कुमार बिंद (42) पुत्र शिव प्रसाद बिंद खेती करता था। वह दो भाइयों में बड़ा था। छोटे भाई के मुताबिक मंगलवार को वह अपने चचेरे भाई बुधराम बिंद के साथ मोटरसाइकिल से एक निमंत्रण में शामिल होने के लिए घूरपुर जा रहा था। शाम को करीब 3.30 बजे घूरपुर थाना क्षेत्र के मिश्रा गांव के पास आवारा पशु अचानक सड़क पर आ गए। उन्हीं से टकराकर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।उधर से गुजर रहे लोगों ने दोनों को नजदीकी अस्पताल भेजा। जहां से दोनों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय पहुंचने पर अनिल बिंदु को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बुधराम का इलाज चल रहा है। घरवालों ने बताया कि अनिल बिंद की पत्नी का नाम ममता बिंद है। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। थानाध्यक्ष घूरपुर संजीव चौबे ने बताया कि बाइक के सामने आवारा पशु आने की वजह से हादसा हुआ, जिसमें एक की मौत हो गई।

सुरेंद्र कोली और पंढेर के फांसी पर 12 सितंबर को फिर होगी सुनवाई

प्रयागराज। नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली और मोनिंदर पंढेर की फांसी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। बारह अपीलों पर न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत सुनवाई की। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद न्यायालय ने सुनवाई के लिए 12 सितंबर की तिथि मुकर्रर की है।पिछले महीने कोर्ट ने एक हफ्ते तक मामले की लगातार सुनवाई की थी। मुंबई से आए कोली के वकील ने बहस करते हुए दावा किया था कि कोली बेकसूर है, पुलिस और जांच एजेंसी की यातनाओं के कारण उसने अपराध कुबूल किया था। सीबीआई की ओर से पेश वकीलों ने कोली की ओर से किए गए दावों को सिरे से खारिज किया था। खंडपीठ ने कोली और पंढेर की फांसी के खिलाफ लंबित बारह अपीलों की सुनवाई स्थगित करते हुए अगली तिथि 21 अगस्त नियत की थी। आज फिर सुनवई टल गई। अब इस केस में 12 सितंबर को सुनवाई होगी।

बैंक के अंदर टप्पेबाजी से मचा हड़कम्प

बेटे के साथ किसान मकान निर्माण के लिए गया था पैसे निकालने

झूंसी। थाने के निकट चश्मा घर के पास स्थित बैंक के अंदर एक किसान के साथ हुई टप्पेबाजी से बैंक परिसर में हड़कंप मच गया। पीड़ित अपने बेटे के साथ बैंक में पैसे निकालने आया था। दोनों को झांसे में लेकर जालसाजों ने पैसे उड़ाकर गयाब हो गए। बैंक में लगे सीसी टीवी में दोनों टप्पेबाजो की तस्वीरें कैद हो गई है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। महीन गांव निवासी द्वारिका प्रसाद यादव किसान है। मंगलवार को वह अपने बेटे शिवम के साथ झूंसी चश्मा घर के पास स्थित बैंक से पैसे निकालने गए थे। एक लाख रुपये निकाले। पहले से बैंक में मौजूद दो युवकों में से एक ने कहा कि पैसे गिन लीजिये कम है। बाप बेटे पैसे गिनते है तभी दूसरा बोलता है इसमें कुछ नोट गड़बड़ है और उसने अपने हाथ मे गड्डी लेकर 500 की दो नोट निकाल कर बदलने के लिए बोला इसी बीच 37000 रुपये पर हाथ साफ कर दिया। जब तक पिता पुत्र की पैसे गायब होने की जानकारी हुई दोनों गायब हो गए थे। बैंक परिसर में हुई टप्पेबाजी से वहा मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की।

चन्द्रयान 3 की सफलता के लिए हुआ हवन व रुद्राभिषेक

प्रयागराज के मठ बाघम्बरी गद्दी में ब्रम्ह मुहुत्त से चल रहा विशेष अनुष्ठान पूजन बलवीर गिरि भी हुए शामिल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। में श्री मठ बाघंबरी गद्दी में विशेष हवन पूजन किया गया। चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग एवं इसरो के वैज्ञानिकों की सफलता की कामना को लेकर पूरे देश में हवन पूजन का कार्यक्रम चल रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को प्रयागराज के श्री मठ बाघंबरी गद्दी में भी हवन पूजन और भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक का विशेष अनुष??न किया गया। इस दौरान श्री मठ बाघंबरी गद्दी के पीठाधीश्वर बलवीर गिरि भी मौजूद रहे। महंत बलवीर गिरि ने कहा कि हमने आज इस कामना से कि चंद्रयान 3 की चांद के सतह पर सफल लैंडिंग हो सके इसके लिए भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषक किया है। मठ में सतों बट्कों ने विशेष हवन-पूजन किया है। भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की है कि चन्द्रयान 3 चांद पर सफलतापूर्वक लैंड हो और भारत विश्व में अपनी मेधा का झंडा गाड़ सके। हमारा देश और ऊंचाइयों को छुए और विश्वगुरु बन सके। मठ बाघम्बरी गद्दी में ब्रम्ह मुहुर्त से चल रहे रुद्राभिषेक और हवन-पूजन चन्द्रयान 3 की सफलता के लिए किया जा रहा है। मंत्र बोले जा रहे हैं। सभी बटुक और सन्त हवन कर रहे है। बलवीर गिरि ने बताया कि आज मंगलवार का दिन है। लेटे हनुमान जी की भी विशेष श्रृंगर और पूजा होगी, ताकि चंद्रयान की सफल लैंडिंग हो सके।

यातायात जागरूकता अभियान के जनक हैं पवन पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

यातायात नियमों का कड़ाई से करवाते हैं पालन

प्रयागराज। आज एक ऐसी शख्सियत से आपको रूबरू करवाने जा रहे हैं, जिनके बारे में शायद पूरा प्रयागराज शहर जानता है,सोशल मीडिया का जमाना है,ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय जिनको आप सभी को फेसबुक पर यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते और जारूकता का परचम लहराते नजर आ जायेंगे । उनका एक नारा है घायलों को फौरन हास्पिटल पहुंचायें और उनका वीडियो बनायें,एक कर्तव्यनिष्ठ ट्रैफिक इंस्पेक्टर के रूप में आजकल छाये हुए हैं। हर सरकारी गैर सरकारी स्कूल कालेजों शहर के विभिन्न आफिसों में यातायात नियमों के प्रति स्कूली छात्र छात्राओं और नागरिकों को जागरूकता अभियान चलाकर सुरक्षा का अचूक करते हैं, सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिये हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर अधिक जोर देते हैं । इंस्पेक्टर पवन पाण्डेय ने कभी भी पुलिस चौकी इंचार्ज या थाना इंचार्ज बनने के बारे में नहीं सोचा जिस वरिष्ठ पुलिस आफीसर ने जहाँ पोस्ट कर दिया वहाँ बड़ी ही मेहनत ईमानदार और लगन से काम किया नौकरी के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित पवन पाण्डेय कड़ी दोपहर और गर्मी में पसीने से लथपथ अपनी ड्यूटी निभाते नजर आ जायेंगे । शहर का बच्चा बच्चा खासकर छात्र छात्रायें उनके चेहरे से और कार्यशैली से बखूबी परिचित हैं। सिर्फ इतना ही नहीं शहर के अनेकों संभ्रांत एवं वरिष्ठ नागरिकों, व्यापारियों, सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों के बीच एक स्वच्छ और अच्छी छवि है।

डाकखाने के समीप पीडीए द्वारा चौडीकरण पुन नापजोख

अधिकारियों द्वारा मंगलवार को फिर से पैमाइश किया गया जिसका सभी व्यापरियों ने विरोध किया

नैनी। नैनी स्थित लेप्रोसी चौराहे से मेवा लाल बगिया चौराहे के बीच में होने वाले चौड़ी करण अनियमिता अधिकारियों द्वारा मंगलवार फिर से पैमाइश किया गया जिसका सभी व्यापरियों ने विरोध किया। नैनी के डाकखाने के समीप पीडीए द्वारा मंगलवार सुबह चौडीकरण पुन नाप जोक करने पहुंचे अधिकारियों का व्यापारियों ने किया विरोध। जिसके बाद अधिकारी वापस लौटे। इस दौरान मुख्य रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, विनय जायसवाल पूर्व सभासद, घनश्याम जायसवाल, धर्मराज पटेल, डा राकेश विश्वकर्मा, डा मोनू केशरवानी, प्रदीप गुप्ता दादा, आदि लोग उपस्थित रहे।

देर रात शास्त्री पुल पर बाइक स्कूटी की भिडंत

अखंड भारत संदेश

तीन घायल घंटों तडपते रहे तीनों प्राइवेट एंबुलेंस वाले ने दिखाई मानवता

प्रयागराज। झूंसी थाना अंतर्गत शास्त्री पुल के बीच कांवड यात्री लेन में सोमवार देर रात करीब 12.30 बाइक स्कूटी में आमने सामने जोरदार भिडंत हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे स्कूटी सवार के परिजनों ने बाइक सवार को गंभीर स्थिति में छोड़कर अपने संबंधितों को इलाज के लिए लेकर चले गए। स्कूटी सवार दोनों युवक सामान्य स्थिति में है। जबकि बाइक सवार युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है। इस हादस्से का अहम पहलू यह रहा कि उधर से गुजर रहे जहां लोग आराम से आ जा रहे थे। वहीं प्राइवेट एम्बुलेंस वाले ने मानवता दिखाते हुए सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। झूंसी थानांतर्गत शास्त्री पुल पर सोमवार आधी रात करीब 12.39 बजे हुए एक्सीडेंट में बीच सड़क पर घायल बाइक सवार घंटों तड़पता रहा किंतु कोई भी राहगीर उसकी मदद करने के लिए नहीं रुका। उसी दौरान उधर से शहर से झूंसी की ओर जा रहे एक प्राइवेट अस्पताल के निजी एम्बुलेंस चालक ने मानवता का परिचय देते हुए रुक करके बाइक सवार अज्ञात युवक (35) को घायलवस्था में एम्बुलेस में लेकर झंसी निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक स्थिति में चिकित्सकों ने भर्ती करने से इंकार कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची झूंसी पुलिस ने घायल युवक को गंभीरावस्था में निजी एम्बुलेंस से ही स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल भरती कराया। बाइक सरवार युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। स्कूटी सवार युवक विकास पाल (24) पुत्र बालेस पाल (20) व मोनू पाल निवासी त्रिवेणीपुरम झूंसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दारागंज में कमरा लेकर रहते है। देर रात दोनों स्कूटी में गृहस्थी का समान लादकर शहर की ओर जा रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर झूंसी थाने में भेज दिया। बाइक सवार युवक दीपक कुमार निवासी कोहना, झूंसी की हालत गंभीर बनी हुई है।इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह का कहना है कि बाइक व स्वकूटी थाने पर है। बाइक सवार की हालत गंभीर है।

खुल्दाबाद में गुड़िया मेले के दौरान पकड़ा गया चोर

प्रयागराज। खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत गुड़िया तालाब में नाग पंचमी पर सोमवार को लगे मेले के दौरान जेब काटते हुए एक चोर पकड़ लिया गया। पकड़े जाने के बाद चोर ने चाकू से हमला किया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस और पैरा मिलिट्री के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए चोर को पकड़ा। चोर ने भागने की बहुत कोशिश की। इस दौरान उसने पुलिस वालों तक से हाथापाई की। उसकी पिटाई करते हुए खुल्दाबाद कोतवाली भेज दिया। जिसका वीड़ियो सोशल मीड़िया पर वायरल हो रहा है। खुल्दाबाद कोतवाली अंतर्गत उड़िया तालाब में सोमवार को नाग पंचमी पर मेला लगा हुआ था। देर रात वहां एक 18 से 20 साल का युवक चोरी करते हुए पकड़ा गया। लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले करने की कोशिश की,तो उसने चाकू से हमला कर दिया। वहां कुछ दूर पर मौजूद पुलिस और पैरा मिलिटरी के जवानों ने उसे दबोच लिया। वह पुलिस वालों से भी हाथापाई करने लगा। स्थिति बिगड़ती देख वहां भीड़ लग गई। पुलिस पफोर्स बुलाई गई। उसके बाद उसे दबोच कर कोतवाली खुल्दाबाद ले जाया गया। पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स उलझते हुए चोर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसे खूब शेयर किया जा रहा है। चोर की पिटाई करते हुए पैरा मिलिट्री का जवान भी वीडियो में दिख रहा है। खुल्दाबाद कोतवाली का प्रभार देख रही आईपीएस ट्रेनिंग नीतू ने बताया कि पकड़े गए चोर का चालान कर दिया गया है। उसका नाम राहुल कुमार पुत्र रवि शंकर निवासी शाहगंज है। अभी तो उसकी क्राइम हिस्ट्री नहीं मिली है।

भगवान भोलेनाथ का दिव्य पूजन व भव्य आरती

अखंड भारत संदेश

नाग पंचमी पर दिन में चढ़ाया गया दूध और लावा, रात में सृष्टि विनाशक को लगा भोग



नैनी। नैनी श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में नाग पंचमी के दिन जहां भगवान भोलेनाथ और नागवासुकी को दूध, धान का लावा चढ़ाया गया। वहीं रात में भगवान भूतनाथ का दिव्य श्रृंगार और भव्य आरती की गई। उसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। दारागंज स्थित नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध, तक्षकेश्वर महादेव, सोमेश्वर महादेव, पाण्डेश्नर नाथ महादेव, मनकामेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव समेत सभी मंदिरों में भगवान शंकर की पूजा आरती में भक्त शामिल हुए। पूजन आरती के दौरान भगवान शंकर का फल, मिष्ठान, फूल माला समर्पित किया गया। नाग पंचमी की रात शिव मंदिरों में दिव्य पूजन अर्चन किया गया। प्रयागराज के थरवई स्थित पाण्डेश्नर नाथ महादेव में पांडवों द्वारा स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए शिवभक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रयागराज के सोमेश्वर महादेव, मनकामेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव, तक्षकेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों का मजमा लगा रहा। हजारों की संख्या में शिवालयों की चौखट पर पहुंचे शिवभक्तों ने हर महादेव, जय भोलेनाथ के नारों से पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। पाण्डेश्नर नाथ महादेव की मान्यता है कि श्रावण मास में 40 दिन तक लगातार जलाभिषेक करने और दर्शन करने से लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। यहां पर लोग मान्यता पूरी हो जाने के बाद निशान भी चढ़ाते हैं। वहीं फाफामऊ से 6 किलो दूर मनसैता गांव में स्थित मनकामेश्वर मंदिर में नाग पंचमी पर शाम को मनकामेश्वर नाथ का भव्य श्रृंगार व पूजन आरती की गई। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि इस मंदिर में भगवान शिव के दर्शन करने मात्र से व्यक्ति की हर कामना पूर्ण हो जाती है। शिव के दर्शन-पूजन के लिए वैसे तो यहां पर रोज शिवभक्तों की भीड़ आती है। रानी गुप्ता एकता गुप्ता बताती हैं कि जो भी भक्त नाग पंचमी के दिन भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं तो सभी मनोकामना पूरी होती है।

इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक की नियुक्ति सवालों के घेरे में, होईकोर्ट ने जताई नाराजगी

प्रयागराज। इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक राजेश प्रसाद की नियुक्ति सवालों के घेरे में है। नियुक्ति की प्रक्रिया और योग्यता को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल दो याचिकाओं पर नोटिस के करीब 11 महीने बाद भी संस्कृति विभाग ने जवाब ही दाखिल नहीं दिया। नाराज कोर्ट ने संग्रहालय के अध्यक्ष और निदेशक को जवाब के लिए एक अतिरिक्त मौका दिया है। कोर्ट ने नियत तिथि तक जवाब न देने पर संस्कृति विभाग के जिम्मेदार अधिकारी को हाजिर होने का निर्देश भी दिया है। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने डॉ. मनोज कुमार गौतम की ओर से निदेशक राजेश प्रसाद की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के अभिलेखीय संग्रहालय में सहायक निदेशक रहे राजेश प्रसाद ने इलाहाबाद संग्रहालय के निदेशक के रूप में नवंबर 2022 में कार्यभार ग्रहण किया था। राजेश प्रसाद की नियुक्ति के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में डॉ. मनोज कुमार गौतम और डॉ. सुनील झा ने याचिका दाखिल की है। दोनों याची भी इसी पद के दावेदार थे। दोनों प्रकरण की सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में एकल पीठ और लखनऊ पीठ में खंडपीठ कर रही है। याचिका के मुताबिक निदेशक पद के लिए वर्ष 2021 में विज्ञापन जारी हुआ। इसके लिए 18 लोगों ने आवेदन किया। इसमें छह अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। दलील दी गई कि राजेश प्रसाद अपेक्षित योग्यता नहीं रखते थे, बावजूद इसके उन्हें साक्षात्कार के लिए बुलाया गया। यही नहीं, साक्षात्कार का परिणाम घोषित किए बगैर ही राजेश प्रसाद को नियुक्ति पत्र जारी करके उन्हें कार्यभार ग्रहण करा दिया गया। याचियों का कहना है कि इलाहाबाद संग्रहालय कला और सांस्कृतिक संग्रहालय है। जबकि, राजेश प्रसाद के पास कला और सांस्कृतिक संग्रहालय के कार्य और प्रशासन का अनुभव नहीं है। लिहाजा, वह पद के अनुरूप योग्यता नहीं रखते। याचियों के मुताबिक उन्हें सूचना के अधिकार के तहत नियुक्ति प्रक्रिया की जानकारी भी नहीं दी गई। इसके बाद हाईकोर्ट की शरण में आना पड़ा। कोर्ट अगली सुनवाई सितंबर में करेगा।

पढ़ लिख कर बच्चे गांव और समाज का नाम करेंगे रोशन : बीईओ

श्रृंगवेरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा में आयोजित हुई शिक्षा चौपाल, निपुण मिशन समेत कई अहम बिंदुओं पर अभिभावकों से की गई वार्ता

अखंड भारत संदेश

प्रा.वि. पाठक का पूरा में चौपाल को संबोधित करते बीईओ क्षमा शंकर पांडे तथा बच्चों को अपने हाथों से मिठाई खिलाते

लालगोपालगंज। परिषदीय विद्यालयों में पठन-पाठन और भौतिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिम्मेदारों ने चौपाल में कई अहम बिंदुओं पर उद्बोधन दिया। छात्र और अभिभावक से अध्यापकों की आत्मीयता पर विशेष चर्चा हुई। श्रृंगवेरपुर ब्लाक के अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा में मंगलवार को शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। मां सरस्वती की फोटो पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी क्षमा शंकर पांडे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने उपस्थिति को संबोधित करते हुए नौनिहालों की शिक्षा पर विशेष उद्बोधन दिया। बच्चों के पठन-पाठन और निपुण लक्ष्य को सफल बनाने में अभिभावकों की अहम भूमिका बताई। सत प्रतिशत विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति के लिए अभिभावकों की अहम भूमिका बताई। इसी कड़ी में एआरपी अजमल अमीन अंसारी ने भी अभिभावकों एवं शिक्षकों से संबोधित करते हुए डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध धनराशि से यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, स्वेटर और स्कूल बैग लेने के लिए कहा। यही बच्चे पढ़ लिखकर माता-पिता ही नहीं बल्कि अपने गांव और समाज का नाम रोशन करते हैं। मोबाइल ऐप पर बच्चों की दक्षता एवं काबिलियत का आकलन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मदन मोहन शुक्ला ने किया। कार्यक्रम को आयोजित कराने में शिक्षिका सुमन वर्मा, सोनी यादव और किरन पांडे की एम भूमिका रही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि छोटेलाल, ग्राम विकास अधिकारी अजय यादव और अनिल पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस, सम्भव सुनवाई में नगर आयुक्त ने सुनी जन समस्याएं

प्रयागराज। नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग द्वारा दिनांक 22 अगस्त 2023 को जन सुनवाई करते हुए नगर निगम में आये हुए शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। जिसमें कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को निस्तारित किये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकरियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, और यह भी निर्देशित किया गया कि शिकायतों को गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध निस्तारण किये जाने में किसी भी प्रकार की शिथिलिता न बरती जाय।सम्भवह्य जनसुनवाई बैठक के दौरान, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, महाप्रबन्धक जलकल कुमार गौरव, सहायक नगर आयुक्त अखिलेश त्रिपाठी, जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, श्री अमरजीत यादव, दिलीप श्रीवास्तव, आर0पी0 श्रीवास्तव, नगर अभियन्ता ए के उपाध्याय, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, कर निर्धारण अधिकारी सुदर्शन चन्द्रा, परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह, अधिषाशी अभियन्ता नजमी मुजफ्फर, लेखाधिकारी अक्षय कुमार, तथा सचिव नगर आयुक्त, सूर्य शंकर त्रिपाठी आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले

पट्टी, प्रतापगढ़। कई दिन से भीषण गर्मी की मार झेल रही किसानों को तथा उनकी फसलों को बारिश होने से काफी राहत मिली है। मंगलवार को सुबह से ही बारिश होना शुरू हो गया इसके बाद किसानों के चेहरे खिल उठे। पट्टी तहसील क्षेत्र के कई इलाके में कई दिनों से बारिश न होने से भीषण गर्मी पड़ रही थी। सोमवार को दिनभर भीषण गर्मी के बाद शाम को हवा के साथ मंगलवार की सुबह से रिमझिम बारिश शुरू हुई। काफी देर तक रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इससे न केवल लोगों को गर्मी से राहत मिली। बल्कि किसानों की सूखती धान की फसल को पानी मिलने से किसानों के भी चेहरे खिल उठे। किसान अपने खेतों में खाद डाल चुके हैं ऐसे में यह पानी उनके लिए बहुत ही लाभदायक हो सकता है।

इग्नू में प्रवेश की तिथि 31 अगस्त तक बढ़ी

एससी-एसटी छात्रों के लिए फीस माफ

प्रतापगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई सत्र 2023 के प्रवेश के लिए आखिरी तारीख 31 अगस्त तक बढ़ा दी है। यह जानकारी देते हुए एमडीपीजी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ अभिषेक सिंह ने बताया कि इग्नू एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है जो दूरस्थ माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है। इग्नू की सभी डिग्रियाँ पूर्णतः मान्य है।

केंद्रीय सरकार की तरफ से योग्य छात्रों के लिए छात्रवृत्ति का भी प्रावधान है। जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि इग्नू द्वारा संचालित कोर्स में उम्र की कोई बाध्यता नहीं है और कोई भी सेवारत व्यक्ति भी अपनी उच्च शिक्षा पूरी करने के लिये इग्नू में प्रवेश ले सकता है। प्रतापगढ़ अध्ययन केन्द्र में परास्नातक, स्नातक, पी जी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट के कुल 38 कोर्स संचालित हैं। भारत सरकार द्वारा एससी/एसटी छात्रों के लिए बीए, बीबीए, बीकॉम और बीएससी पाठ्यक्रम में कोर्स फीस माफ की गई है।

हर हर महादेव के शंखनाद के मध्य बाबा को समर्पित हुआ चांदी का नाग

प्रमोद तिवारी ने घुइसरनाथ नगरी को सर्वश्रेष्ठ धाम बनाए जाने का जताया संकल्प

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पौराणिक धाम बाबा घुइसरनाथ में नाग पंचमी की संध्या पर राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की मौजूदगी में श्रद्धालुओं की ओर से बाबा को चांदी का नाग समर्पित किया गया। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि एवं आचार्य वीरेन्द्र तिवारी की अगुवाई में संस्कृत विद्वानों के वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने बाबा के शिवलिंग पर चांदी का नाम विधिविधान से समर्पित किया।

प्रमोद तिवारी के परिवार के संग्रामगढ़ निवासी राजेश तिवारी बाबा की ओर से चांदी के नागराज बाबा की शिवलिंग पर सुसज्जीकरण होते ही मंदिर परिसर हर हर महादेव के शंखनाद से गूंज उठा। इसी सावन माह में राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा बाबा के अरघे का भी चांदी से सुसज्जीकरण कराया जा चुका है। बाबा के दिव्य ज्योर्तिलिंग पर चांदी के अरघे की चमक और चांदी के नाग को विराजा देख श्रद्धालु खासा मगन हो उठे दिखें। वहीं राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सामूहिक संकल्प शक्ति से दिनोंदिन बाबा धाम की अलौकिक छटा को दिव्यता प्रदान करने के लिए इसी तरह के सामूहिक प्रयास की संकल्पशक्ति को और मजबूत बनाया जाएगा। उन्होनें कहा कि बाबा घुइसरनाथ धाम को वह तथा क्षेत्रीय विधायक मोना लोगों के सामूहिक आस्था शक्ति के साथ प्रदेश और देश का सबसे विकसित पर्यटन केन्द्र बनाएंगे। उन्होंने बाबा धाम में सई तट पर रीवर फ्रन्ट समेत अनेक विकास योजनाओं के संचालन की गतिशीलता को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना के लगातार प्रयासों की सराहना भी की। धार्मिक संकल्प कार्यक्रम का संयोजन गीता तिवारी व शिवम तिवारी तथा पल्लवी एवं प्रियंका आदि ने किया। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ददन सिंह, केडी मिश्र, चंदन मिश्र, बृजेश तिवारी, महेश तिवारी, रमेश, शशिलता, पप्पू तिवारी आदि मौजूद रहे।

बाबा को चांदी का नाग समर्पित करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के साथ श्रद्धालु।

हर हर महादेव के जयकारे से गूंज रहा घुइसरनाथ धाम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। पौराणिक शिव स्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में मंगलवार को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमडी। क्षेत्र व जिले के श्रद्धालुओं के साथ ही पडोसी जिलों से भी यहां पहुंचे श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के जयकारे के बीच बाबा को जलाभिषेक किया। सुबह मंदिर का कपाट खुलते ही लाइन में लगे शिवभक्तों ने भोलेनाथ के जयघोष के साथ जलाभिषेक शुरू किया। श्रद्धालुओं ने मंदिर गर्भगृह की परिक्रमा तथा शिव मंत्र का जाप कर बाबा से सुख समृद्धि के आशीर्वाद की कामना किया। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के साथ ही लोगों ने रूद्रावतार बजरंग बली के मंदिर में भी पूजन अर्चन कर आर्शीर्वाद मांगा। इधर रूक रूक कर हो रही बारिश के चलते लोगों में मेले का लुफ्त न उठा पाने का अफसोस भी दिखा।

सपा की सरकार में किये गये कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ताः सुमय्या राना

प्रतापगढ़ आगमन पर सपाईयों ने किया जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता/राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा सुमय्या राना का आगमन हुआ। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मौजूद सभी पदाधिकारीगण एवं कार्यकताओं ने बुके व पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद सुमय्या राना ने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि समाजवादी पार्टी की सरकार में किये गये कार्यों को गांव-गांव जनसंवाद कर सभी को बतायें जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर इंडिया की सरकार बनाया जा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाउपाध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय व संचालन जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी ने किया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात सुमय्या राना पिछले दिनों बीमारी के कारण समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष रहे मरहूम इरशाद सिद्दीकी के देहान्त व सदर विधानसभा क्षेत्र ग्राम सभा बहलोलपुर निवासी अमर शहीद लालजी यादव जो जम्मू-कश्मीर के लेह में नायब सूबेदार पद पर तैनात थे, 20 अगस्त को दौरान डियूटी शहीद हो गये, उनके घर पहुंच कर उनके परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर गुलफाम खान, कोषाध्यक्ष अश्वनी सोनी, पारसनाथ यादव, पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष मनीष पाल, सिटी चेयरमैन जकी खान, डाक्टर राम बहादुर पटेल, निसार अहमद, मुख्तार खां, मो.समीम, रमेश पाठक, राजीव यादव, विशाल मौर्या, जियाउल इसहाक, डाक्टर एजाज, जावेद खान, राजू यादव, सफात अहमद, रईस अहमद, मो.सारिक, मो.लईक, सुरेश यादव, लक्ष्मी रमन फांसी, उदय सरोज, शबनम बानो, बबलू खान, तबारक हुसैन, आबिद रजा, इमरान खान, विजय शुक्ला, इब्ने राईन, करोड़ीमल शर्मा, शिवाजीत सिंह, विनोद यादव, विपिन सरोज, विकास यादव, समीम खान, अहमद अली, अब्दुल हई, सैफी सिद्दीकी, लड्डन भाई, आजाद सिद्दीकी, युनुस मंसूरी, अब्दुल खालिक, दिलशाद खां, सुरेंद्र कुमार, उदय सरोज, कामिल हुसैन, आबिद रजा, वसीम अहमद, लालसाहब, अमीरूल हक, आदि लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा का स्वागत करते सपाई।

वृक्षारोपण से होगा पर्यावरण में सुधारः प्रेमलता

प्रतापगढ़। नगर पालिका की पूर्व अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने नाग पंचमी के अवसर पर रंजीतपुर चिलबिला में फलदार वृक्षों का रोपण करते हुए कहा कि ये वृक्ष हमें जीवनदायिनी आक्सीजन देते हैं। इन वृक्षों से जहां पर्यावरण में सुधार होगा, वहीं ये फलदार वृक्ष हमें पौष्टिक रुप से भी उपलब्ध होंगे। पूर्व अध्यक्ष प्रेमलता सिंह ने 50 पेड़ आम के अलावा अमरुद, आंवला, जामुन, कटहल, करौंदा, अमरुद, नींबू व मुसम्मी का वृक्ष लगाया। खास बात यह है कि यह वृक्षारोपण रंजीतपुर चिलबिला में नगर पालिका की जमीन में किया गया है जिसकी चहारदीवारी अभी कुछ दिन पूर्व नगर पालिका ने बना ली थी। उसके बाद यहां पूरे मैदान में वृक्ष लगाने का कार्य किया गया। इससे वृक्ष सुरक्षित भी रहेंगे और वृक्षारोपण का कार्य भी सफल होगा। वृक्षारोपण कार्यक्रम में नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, राजेश बिंद, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, जूनियर इंजीनियर अनिल कुमार जायसवाल, रोड गैंग के राजू सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

रंजीतपुर चिलबिला में वृक्षारोपण करतीं पूर्व

भयहरणनाथ धाम में घुघुरी लोक उत्सव का हुआ भव्य आयोजन

अखंड भारत संदेश

बिहारी लाल अम्बर सहित दर्जन भर कवियों ने सजाई महफिल

प्रतापगढ़। प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में नागपंचमी के अवसर पर घुघुरी लोक उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सुप्रसिद्ध लोक गायिक प्रतिमा मिश्रा व समीक्षा सिंह के सावनी गीतों पर पूरा भयहरणनाथ धाम परिसर सावनी रंग में रंग गया। नामी बाल कलाकार सेजल सिंह के सुमधुर गीतों ने भारी उमस में भी लोगों को भाव विभोर कर दिया। आकाशवाणी की विहाई कलाकार रंजना त्रिपाठी का रक्षा बन्धन पर गाया गीत काफी सराहा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी प्रतापगढ़ व पूर्व आयुक्त आर0 एस0 वर्मा ने कहा कि भयहरणनाथ धाम व बकुलाही के पुनरोद्धार में स्थानीय समाज व समाज शेखर की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। सरकार व प्रशासन के सहयोग से धाम का सवार्गीण विकास अपेक्षित है। उन्होने कहा कि धाम से सामाजिक विकास के कई उदाहरण प्रस्तुत हुए हैं जो अनुकरणीय है। इस दौरान लोक उत्सव में विराट कवि सम्मेलन का का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता साहित्य भूशण सम्मान से अलंकृत जन कवि प्रकाश ने की। संचालन प्रख्यात हास्य कवि विहारी लाल अम्बर ने की। जिसका केन्द्रीय विषय समान नागरिक कानून व अधिकार तथा राष्ट्र धर्म था। कवि गण उमेश श्रीवास्तव, योगेन्द्र मिश्र, बिहारी लाल अम्बर, डा0 नीलिमा मिश्रा, नजर इलाहाबादी, रेनू मिश्रा, डा0 अशोक अग्रहरि, आलोक बैरागी, शिवम् भगवती, प्रशान्त भरूहिया आदि शामिल रहे।

अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने अवैध शराब के आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव के अनुसार मुखबिर की सूचना पर सोमवार की दोपहर क्षेत्र के गांधी नगर गौहानी में छापेमारी करके एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये आरोपित सुल्तानपुर जिले के खेतकुरी मनभावन निवासी रामकिशोर पुत्र भइयाराम के पास से अंग्रेजी शराब की चैदह शीशियां बरामद की गयी। एसओ मनोज यादव ने बताया कि आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर सोमवार की रात आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मंगलवार को आरोपित रामकिशोर को न्यायालय भेज दिया गया।

सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। महिला से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहा है अभियुक्त को पुलिस ने मुख्य की सूचना पर गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया। आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत आमापुर गांव की रहने वाली खुशबू को 29 जून 2022 को आमापुर गांव का रहने वाले दो लोग प्रलोभन देकर घर रामापुर थाना कंधई ले गए। पीड़िता अपने साथ पचास हजार नकद तथा कीमती जेवरात भी ले गई। दोनों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया तथा उसके समस्त जेवरात रख लिया, और उसे घर से भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया कहीं से कोई कार्यवाही ना होने पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर आसपुर देवसरा थाने में 18 मई 2023 को आरोपियों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया गया जिसमें पुलिस सभी अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश देने लगी। मामले में आसपुर देवरा थाने के उप निरीक्षक बंशीधर राय कांस्टेबल विशाल कुमार मौर्य के साथ मुखबिर की सूचना पर विपिन कुमार मिश्रा पुत्र गप्पू मिश्रा को गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया।

आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं में आता है निखारः सीओ सिटी

अखंड भारत संदेश

हनुमान मंदिर चिलबिला में आयोजित हुआ मेला व खेलकूद प्रतियोगिता

प्रतापगढ़। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त पवनपुत्र श्री हनुमान लला मंदिर चिलबिला तालाब पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी नाग पंचमी (गुड़िया) के पावन पर्व पर भव्य मेले के आयोजन के साथ विविध खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जो देर रात तक चलता रहा। आयोजित उक्त प्रतियोगिता में दूर दराज से आये खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इस मौके पर विजेता व उपविजेता टीम को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। हनुमान मंदिर परिसर तालाब पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। सुरक्षा की दृष्टिगत जगह-जगह पुलिस का पहरा रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुची सिओ सिटी करिश्मा गुप्ता ने सर्वप्रथम हनुमान जी का पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत हनुमान मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के एलायंस क्लब इंटरनेशनल की रेखा उमरवैश्य ने अपनी टीम के साथ सीओ सिटी को अंगवस्त्रम व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित करते हुए स्वागत किया। इस मौके पर सिओ सिटी ने आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान होता है। खेलों से बच्चों के जीवन में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक सुदृढ़ होते है। उन्होंने कही कि समय-समय ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं में निखार आता है। मंदिर परिसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं व दर्शकों की भीड़ उमड़ना शुरू हुई तो शाम होते होते जन सैलाब उमड़ पड़ा।

मेले में जलेबी,चाट के साथ विविध खान-पान के स्टालों के साथ झूला लगा रहा जहां पर महिलाओं व बच्चों संग लोगों जमकर लुत्फ उठाया।मेले का उद्घाटन चिलबिला के प्रमुख व्यवसायी सुरेश अग्रवाल व मंदिर समिति के महासचिव रोशन लाल उमरवैश्य ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया तो हनुमान जी के जयकारे से समूचा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। दूसरी बेला आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की अध्यक्षता कर रहे संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ करते हुए कहा कि खेलों से हमें भी बहुत लगाव है क्योंकि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसके पूर्व मेले में आये सभी अतिथियों का मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य के नेतृत्व में अंगवस्त्रम व बैच लगाकर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के फाइनल में कबड्डी में शीतलागंज विजेता रही तो जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम उपविजेता, लम्बी कूद में 5.72 मीटर जंप लगाकर अनुभव यादव प्रथम स्थान हासिल किया तो 5.65 मीटर जंप मार मोहम्मद अरमान दूसरे स्थान पर रहे वहीं प्रभात 5.54 मीटर जंप लगाकर तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह अन्य खेलों के विजेता व उपविजेता टीम को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में लालजी त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव, लालमणि सिंह, जानी, रोहन आदि रहे। अंत में मंदिर के महासचिव रोशन लाल उमरवैश्य ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों सहित अन्य लोगों को अंगवस्त्रम व माला पहनाकर पौध भेंट कर सम्मानित किया।

सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता को सम्मानित करते आयोजकगण।

शिव मन्दिर में मांस मिलने से लोगों में आक्रोश

पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज किया मुकदमा

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर के बाजार स्थित शिव मंदिर में मंगलवार की सुबह चावल के साथ मांस व हडडी के टुकड़े पड़े मिलने से हडकंप मच गया। जानकारी होते ही वहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी। इधर मामले की जानकारी होते ही पुलिस महकमे के भी हाथ पांव फूल गये। आननफानन में लालगंज कोतवाली प्रभारी प्रशिक्षणाधीन सहायक पुलिस अधीक्षक अमृत जैन के साथ ही जिले से एएसपी पश्चिमी भी घटनास्थल पर आ पहुंचे। अफसरों ने किसी तरह समझा बुझाकर आक्रोशित लोगों का गुस्सा शांत कराया। घटना को लेकर मंदिर के पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नगर अर्न्तगत वार्ड नं चैदह बाजार खास में प्राचीन शिव मंदिर नागेश्वर धाम है। यहां बाजार निवासी श्याम बिहारी शास्त्री पुत्र रामदास पुजारी है। पुजारी के अनुसार सोमवार की रात किसी अराजकतत्व द्वारा मंदिर के अंदर पके हुए चावल के साथ मांस व हडडी के टुकडे को फेंक दिया गया।

दुर्घटना में मृत व्यवसायी की पत्नी को व्यापार मण्डल ने दी सहायता धनराशि

वाणिज्य कर आयुक्त व राज्य कर अधिकारी की देखरेख में प्रदान हुई धनराशि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। दुर्घटना डेरवा के जीएसटी रजिस्टर्ड मृत व्यवसायी स्व0 लवलेश सोनी की पत्नी दामिनी सोनी को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी, जिला महामंत्री संजय सोनी व अन्य पदाधिकारियों के समक्ष, वाणिज्य कर आयुक्त राम भवन द्वारा, सहायक आयुक्त सत्य प्रकाश वर्मा, सहायक आयुक्त श्वेता सिंह एवं राज्यकर अधिकारी दिव्या त्रिपाठी की उपस्थिति में 10 लाख की सहायतार्थ धनराशि प्रदान की गई। बता दें कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के राष्ट्रीय/प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल द्वारा व्यापारी हित के लिये सरकार से अनवरत मांग पर, उ.प्र. सरकार ने दुर्घटनाओं में जीएसटी रजिस्टर्ड मृत व्यापारी के परिजन को 10 लाख की सहायतार्थ धनराशि वित्त वर्ष से वाणिज्य कर विभाग द्वारा देना प्रारम्भ कर दिया है, जिसका लाभ प्रदेश के अन्य जनपदों सहित प्रतापगढ़ जनपद में लगभग 15-16 जीएसटी धारक दुर्घटनाओं में मृत व्यवसायियों के परिजनों को 10 लाख रुपए की सहायतार्थ धनराशि वाणिज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर द्वारा प्राप्त हो चुकी है। इस मौके पर मुख्य रूप से सुरेश चंद्र केसरवानी, इंद्रदेव तिवारी, सरदार वसिंदर सिंह, राहुल केसरवानी, शकील अख्तर, प्रदीप यादव, पवन केसरवानी आदि अन्य लोग मौजूद रहे।

व्यवसायी की पत्नी को सहायता राशि देते अधिकारीगण।

मारपीट व धमकी को लेकर नौ के खिलाफ दर्ज हुआ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने मारपीट व धमकी की घटना को लेकर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे नेवली रेहुआ लालगंज निवासी सचिन पुत्र रमेश के अनुसार उन्नीस अगस्त की शाम लगभग छः बजे रंजिश को लेकर गांव के विश्वनाथ सिंह व उनकी पत्नी इन्द्राणी पुत्री पिंकी तथा सुमन, रेखा, सुषमा, मनीष समेत नौ लोग एकराय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और जबरन गाली देने लगे। पीडित के मना करने पर आरोपितों ने लाठी डण्डे से उसे जमकर मारापीटा। जांच के बाद पुलिस ने मंगलवार को नौ लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकी आदि धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया है।

हीरागंज बाजार में मोदी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अखंड भारत संदेश

सांसद विनोद सोनकर के द्वारा संचालित है मोदी वैन

कुण्डा, प्रतापगढ़। अब लोगों को अपने गांव में ही निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध रहेगी। गांव हो या शहर हर जगह लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही वैन में स्वास्थ्य कर्मी निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करेंगे। इससे लोगों को अब आसानी से अपने गांव में ही निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध होगी। निःशुल्क जांच के साथ दवा भी मरीजों को मिलेगी। मोदी वैन की शुरूआत कौशांबी सांसद,संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन,दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर द्वारा की गई है। कौशाम्बी लोकसभा के सभी पांच विधानसभाओं में एक एक मोदी वैन निःशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रही है। सोमवार को बाबागंज विधानसभा के नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय में पूर्व प्रत्याशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, चेयरमैन प्रतिनिधि उदय शंकर पाण्डेय , सांसद प्रतिनिधि संजय सोनकर ने मोदी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आशुतोष मणि द्विवेदी, मयंक तिवारी, जितेन्द्र तिवारी, सभासद कल्लू सरोज, सिद्दार्थ, सूरज शुक्ल, राम बाबू, शिव कुमार, राम नरेश सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

महिला सहित दो घायल अस्पताल में चल रहा इलाज

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली के त्रिलोक पुर के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुल के ऊपर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार और साथ में रही महिला और उसका दुधमुंहा बच्चा घायल हो गए,टक्कर मारने वाला वाहन रोडवेज बस बताई जा रही है जो हादसे के बाद फरार हो गई है हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक की मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक श्रीकेशन सिंह उम्र तकरीबन 50 वर्ष निवासी छोटी सवरई थाना सैनी अपनी बहु रत्ना देवी के मायके अल्लीपुर भादर से बच्चे का इलाज करवाकर घर वापस जा रहे थे रत्ना देवी के अनुसार त्रिलोक पुर राष्ट्रीय राजमार्ग ब्रिज पर

सड़क हादसे में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

चायल कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया था इलाज के लिए अधेड़ को प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई है मौत की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है पोस्टमार्टम हाउस से मृतक का शव वापस आने की जानकारी मिलने पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई देर शाम अंतिम संस्कार कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी निवासी चंद्रेश सोनकर उम्र 48 वर्ष पुत्र मोहन लाल सोनकर सोमवार की दोपहर अपने घर से बाइक निकाल कर चायल की तरफ जैसे ही वह रोड पर पहुंचा वैसे ही चायल तरफ से मनौरी जा रही तेज रफ्तार अपाची ने टक्कर मार दी जिससे चंद्रेश गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी और घायल चंद्रेश को

अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़ हर आंखें रही नम

बस ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार छिटककर गिर गए बाइक के नीचे बाइक सवार दब कर गंभीर घायल हो गए रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने किसी तरह घायल को प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया इलाज के दौरान 7 बजे शाम डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया मृतक चंद्रेश सोनकर के चार लड़की और एक छोटा लडका है मौत होने की खबर जैसे ही परिजनों को पहुंची तो परिवार में हाहाकार मच गया और रो-रो सड़क किनारे लाकर एंबुलेंस को फोन किया दुर्घटना के बाद लोगों ने पुलिस को फोन किया किंतु पुलिस नहीं पहुंची आधा घंटा बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मंगलवार को जैसे ही पोस्टमार्टम हाउस से शव वापस घर पहुंचा परिवार में कोहराम मच गया है ग्रामीणों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उपचार के दौरान श्री केसन की मौत हो गई है मामले की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते घर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं।

पंचायत सचिव की तैनाती में हो रहा है पक्षपात !

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जिला विकास अधिकारी द्वारा ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती में जमकर पक्षपात हो रहा है कुछ चहेते ग्राम विकास अधिकारियों को वरीयता दी जा रही है कुछ ग्राम विकास अधिकारियों को कई कई गांव में जिम्मेदारी सौंप दी गई है तो कुछ ग्राम विकास अधिकारियों को एक भी गांव की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है आखिर ग्राम विकास अधिकारियों के साथ पक्षपात करने का क्या मानक है इस सवाल का जवाब जिला विकास अधिकारी नहीं दे पाते तमाम ग्राम विकास अधिकारियों को तैनाती देने के मामले में शासन के नियम निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रहे हैं मनमानी तरीके से तैनाती दी जा रही है कई ग्राम विकास अधिकारी तैनाती पाने के लिए आए दिन जिला विकास अधिकारी के आगे पीछे घूमते देखे जाते हैं कुछ ग्राम विकास अधिकारियों के ऊपर सरकारी खजाने को चपत लगाने का आरोप लगा है शिकायतें हुई है जांच लंबित है दोष मुक्त नहीं हुए हैं लेकिन उन्हें फिर भी ग्राम

पारदर्शी तरीके से ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती ना किए जाने से ग्राम पंचायत के विकास योजनाओं में बढ़ा भ्रष्टाचार

पंचायतों का चार्ज देकर सरकारी योजनाएं लूटने की खुली छूट दे दी गई है पारदर्शी तरीके से ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती जिले में नहीं की गई है जिससे ग्राम पंचायत के विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार बढ़ा है और भ्रष्टाचार में लिप्त ग्राम विकास अधिकारियों की तैनाती में जिला विकास अधिकारी ने नियमों की अनदेखी की है जिससे इनकी मंशा पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं आखिर भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे ग्राम विकास अधिकारियों को ग्राम पंचायतों की तैनाती देने में वारियता क्यों दी जा रही है यह बड़ी जांच का विषय है और शासन स्तर से ग्राम विकास अधिकारी की तैनाती की जांच कराई गई तो जिला विकास अधिकारी कौशांबी की मुसीबत बढ़ना तय है।

आवारा सांड की पिटाई से मौत पर किसान पर मुकदमा दर्ज

अझुवा कौशांबी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के संभुई गांव में 4 दिन पहले एक छोटे खेतिहर किसान ने खेत में चर रहे आवारा सांड को खदेड़ कर डंडा मारते हुए भगा दिया था जिससे भाग रहा आवारा सांड दीवार से टकरा गया ,आवारा सांड की मौत हो गई,पशु के मरने के बाद किसान मिथलेश ने गांव के बाहर जमीन में गड्ढा खोदकर दफन कर दिया था।4 दिन बाद गांव के चौकी दार शिव सागर पुत्र पलटू राम की शिकायत पर सैनी कोतवाली पुलिस ने आईपीसी की धारा 429 के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जहरीले जंतु के काटने से भैंस की मौत

चायल कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के नौवापुर गांव निवासी राजकुमार पुत्र स्व गणेशीलाल की भैस को सोमवार की शाम 7 बजे जहरीले जंतु ने काट लिया है उसे बचाने का प्रयास किया गया लेकिन भैस बच नहीं सकी और भैंस की मौत हो गई। किसान के परिवार के जीविकोपार्जन का साधन भैस थी जिससे परिवार के सामने आर्थिक संकट आ गया है।

कैंडल मार्च निकालकर मासूम बच्चियों के हत्यारे के लिए फांसी की मांग

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में टॉफी में जहर देने से तीन मासूम बच्चियों की मौत से परिजनों सहित पूरे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है,मासूम बच्चियों के हत्यारे झोलाछाप डॉक्टर को फांसी की सजा की मांग को लेकर सैकड़ो लोगो ने कैंडल मार्च निकाला और प्रदर्शन किया,लोगो ने कैंडल मार्च निकालकर मासूम को श्रद्धांजलि दी। कड़ा धाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव में झोलाछाप डॉक्टर ने चार मासूम बच्चियों को जहरीली टाफी खिला दी,जिसके बाद तीन दिनों में तीन मासूम बच्चियों की मौत हो गई जबकि एक मासूम अभी भी जिंदगी और मौत से लड़ रही है। मासूम बच्चियों के मौत के गुनहगार झोलाछाप डॉक्टर को मौत की सजा दिलाने की मांग के साथ सैकड़ो लोगो ने कैंडल जलाकर मासूम बच्चियों को श्रद्धांजलि दी है।इस दौरान लोगो की सहानुभूति देखकर मासूम बच्चियों के पिता फूट फूट कर रोते हुए दिखाई पड़े।

पांच टूल किट से शिक्षक बच्चों को बनाएंगे निपुण

टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी। कड़ा ब्लाक के शहजादपुर संकुल की संकुल स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में उच्च प्राथमिक विद्यालय अंदावा में किया गया।

शिक्षको को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा की स्कूल में आदेश पंजिका और उस पर शासनादेशो का अंकित अनिवार्य रूप से होना चाहिए । सभी प्रधानाध्यापक कक्षा पांच के अधिकतम बच्चों को नवोदय का फार्म और कक्षा आठ के बच्चों को राष्ट्रीय आय योग्यता का आवेदन जरूर भरवाए जिससे ज्यादा से ज्यादा बच्चों को इसका लाभ मिल सके । निपुण ऐप को डाउनलोड करते हुए लाग इन कर प्रतिदिन पांच बच्चों का निपुण असेसमेंट करना सुनिश्चित करें। एआरपी रणधीर सिंह ने बताया की शिक्षक पांच टूल किट का प्रयोग कर बच्चों को निपुण बना सकते है जिसमें सामुदायिक सहभागिता, प्रभावी संवाद, छात्रों का आंकलन, उपचारात्मक शिक्षा और संदर्शिका आधारित शिक्षण शामिल है। एआरपी प्रभाकर मिश्रा ने बताया की बच्चों के लिए ड्रेस, जूता, मोजा, बैग , स्टेशनरी के लिए डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजी जाने वाली धनराशि के लिए प्रधानाध्यापक अभिभावकों को आधार कार्ड बनवाने और सीडेड करवाने के लिए जागरूक करें। जिससे सभी बच्चों को इसका लाभ मिल सके । बैठक में मुख्य रूप से जूनियर शिक्षक संघ के मंत्री अरुण मिश्रा, प्रधानाध्यापक मनोज द्विवेदी, शिक्षक संकुल अखिलेश शुक्ला, गुलाब सिंह, राकेश सिंह, संतोष कुमार, ब्रजश्याम , शिक्षक धीरू, राजवंत, शिवबरन, कमलेश कुमारी, रिया सेठी, माया सिंह, नीलम कुमारी, संगीता देवी, सूर्यप्रकाश सहित संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

प्रथम स्टेज पर ही शुरू है लापरवाही फिर कैसे होगा मरीजों का उपचार!

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मरीजों को गांव-गांव बेहतर इलाज देने के उद्देश्य से सरकार तमाम कार्य योजनाएं बनाती हैं इन्हीं कार्य योजनाओं में ग्रामीण क्षेत्रों में हेल्थ एव वैलनेस सेंटर खोल कर मरीजों को सुविधाएं देने का प्रयास सरकार कर रही है हेल्थ एव वैलनेस सेंटर में मरीजों को प्रथम स्टेज पर जांच कराए जाने की सुविधाएं हैं लेकिन तमाम हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर कई महीने से बंद है जहां सीएचओ और एएनएम नहीं पहुंच रही है जिससे हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर प्रभावी तरीके से कार्य नहीं कर रहा है प्रथम स्टेज पर ही स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है तो फिर कैसे मरीज का उपचार होगा बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं कैसे मरीजों को मिलेंगी चचाओं पर जाए तो मानदेय के अलावा अतिरिक्त कार्य के नाम पर प्रोत्साहन राशि भी सी एच ओ को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया जा रहा है लेकिन कई केंद्र बंद होने के बाद उन पर कार्यवाही कर उनका मानदेय और प्रोत्साहन राशि बंद करने के बजाय फर्जी

तमाम हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर कई महीने से बंद है सीएचओ और एएनएम नहीं पहुंच रही है

तरीके से भुगतान कराने में संबंधित पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की भूमिका सवालों के घेरे में है बताया जाता है कि सीएचसी प्रभारी 15000 महीने सी एच ओ से वसूली करने के बाद उन्हें ड्यूटी से मुक्ति दे रहे हैं जिससे हेल्थ एव वैलनेस सेंटर की पूरी व्यवस्था चौपाट है जिलाधिकारी ने भी मीटिंग में हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर को सुचारू संचालित करने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया है लेकिन जिलाधिकारी का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी मानने को तैयार नहीं है बताया जाता है कि मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के कादिराबाद थाम्भा अलावलपुर धनपारा छिमिरछा कुआ डीह अषाढा टेवा भरसावा मंझनपुर मुख्यालय सहित तमाम हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर खोलकर मरीजों को उपचार देने का प्रयास विभाग ने किया है लेकिन इनमें धनपारा समेत तमाम केंद्र महीनों से बंद है बताया जाता है कि इस केंद्र में तैनात एएनएम दो महीनों से गायब हैं लेकिन उसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मामले में कार्यवाही नहीं की है सीएमओ कार्यालय के चर्चित बाबू सुनील शर्मा के बारे में भी तरह-तरह की चचाएँ हो रही हैं लेकिन सीएमओ कार्यालय के बेलगाम बाबू पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्रवाई नहीं कर पाते हैं जिससे योगी सरकार की बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर पानी फिरता दिख रहा है।

कई उपनिरीक्षक व सिपाहियों का हुआ स्थानांतरण

हटाए गए शमशाबाद चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा को पुलिस लाइन से शमशाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया गया

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। जिले के कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने जिले में कई उपनिरीक्षक और कांस्टेबल का स्थानांतरण आदेश जारी किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक जयप्रकाश को संदीपन घाट थाना भेजा गया है उप निरीक्षक श्याम नारायण को महिला अपराध अनुश्रवण शाखा से परिवार परामर्श केंद्र भेजा गया है श्याम नारायण के साथ हेड कांस्टेबल का भी स्थानांतरण हुआ है पुलिस लाइन से महेंद्र सिंह उपनिरीक्षक को न्यायालय सुरक्षा की जिम्मेदारी सौपी गई है उप निरीक्षक एजाज अख्तर को पुलिस लाइन से महिला अपराध अनुकरण शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। मंझनपुर कोतवाली की शमशाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज शैलेंद्र कुमार को चौकी इंचार्ज के पद से हटाते हुए पिपरी थाना भेजा गया है उपनिरीक्षक अंशुमान मिश्रा को पुलिस लाइन से शमशाबाद पुलिस चौकी इंचार्ज बनाया

हटाए गए आलोक कुमार चरवा कोतवाल बने विनोद कुमार सिंह

कौशाम्बी। एक माननीय के खास रहे थानाध्यक्ष चरवा आलोक कुमार की गतिविधियों की बार-बार पुलिस अधिकारियों से शिकायत होती रही आलोक कुमार के कार्यकाल में चरवा थाना क्षेत्र में अपराध तेजी से बढ़ा क्षेत्र में बढ़ते अपराध से आम जनमानस परेशान प्रताड़ित रही घटनाओं के खुलासा में आलोक कुमार के समय पुलिस फिसड्डी साबित होती रही तमाम बड़ी घटनाओं का महीनो बाद भी थाना पुलिस खुलासा नहीं कर सकी निदोर्षों को अपराधी बनाने के खेल में भी थानेदार आलोक कुमार को महारत हासिल रही तमंचा प्रकरण इसका जीता जागता उदाहरण है मामले को पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लिया और थानेदारी छीनकर आलोक कुमार को क्राइम ब्रांच का प्रभारी बना दिया है और क्राइम ब्रांच के अभी तक के प्रभारी रहे विनोद कुमार सिंह को प्रभारी निरीक्षक चरवा थाना की जिम्मेदारी पुलिस कप्तान ने सौंपी है विनोद कुमार सिंह इसके पहले मंझनपुर कोतवाल और पिपरी कोतवाल रह चुके हैं।

गया है हेड कांस्टेबल राम बहादुर पाल कांस्टेबल विजय कुमार कांस्टेबल अमित कुमार कांस्टेबल हर्षित मिश्रा कांस्टेबल सुनील कुमार का भी स्थानांतरण किया गया है

जिला पंचायत से बनाई गई अषाढा छिमिरछा सड़क कुछ दिनों में खराब

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मंझनपुर तहसील के अषाढा पेट्रोल पंप से छिमिरछा पथरा मार्ग में एक साल से रोड पर पानी भरा रहता है आने जाने वालों राहगीरों को दिक्कत होती हैं लेकिन सड़क की मरम्मत कराए जाने के लिए अधिकारी तैयार नहीं है जिला पंचायत के चतुर्थ राज्य वित्त अनुदान वर्ष 2020-21 में स्वीकृत अषाढ़ा पेट्रोल पंप से छिमिरछा गांव तक 10 लाख रुपए की लागत से इस सड़क का पीसी कार्य कराया गया था इस कार्य का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के द्वारा हुआ था ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी कि जिला पंचायत अध्यक्ष जिस सड़क का उद्घाटन कर रही है वह सड़क लंबे समय तक गुणवत्ता पूर्ण रहेगी लेकिन जिला पंचायत से सड़क बनाए जाने के कुछ दिन बाद ही यह सड़क जगह-जगह पर उखड़ गई है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं पूरे वर्ष सड़क में जल भराव रहता है देखने पर यह कहीं नहीं लगता कि यह सड़क है जलाशय का रूप सड़क ले चुकी है जिससे यह सड़क आवागमन में दिक्कतों से भरी है। विभागीय साठगाँठ के चलते सड़क मरम्मत के समय ही सामग्री का सही ढंग से उपयोग नहीं किया गया है जिला पंचायत के ठेकेदार द्वारा मानक विहीन

सड़क बनाई गई है जिला पंचायत की इस सड़क के मरम्मत में आपसी साठगाँठ के चलते बड़ी हेराफेरी हुई है जिला पंचायत के अभियंता अखिलेश्वर मल्ल और अवर अभियंता मनीष कुमार के साथ ठेकेदारों ने बड़ी साठगांठ कर जिला पंचायत के रकम में सड़क की मरम्मत के समय बड़ी हेराफेरी की है जिससे सड़क गुणवत्तापूर्ण नहीं बन सकी और समय के पहले फिर खराब हो गई तत्कालीन अपर मुख्य अधिकारी रणमत सिंह भी तमाशबीन बने रहे आखिर अपर मुख्य अधिकारी किस दबाव में घटिया निर्माण पर तमाश बीन बने रहे यह बड़ी जांच का विषय था लेकिन जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपर मुख्य अधिकारी के कारनामों की भी जांच नहीं कराई। जिला पंचायत की सड़कों का बेखौफ तरीके से घटिया निर्माण होता रहा ठेकेदार जिला पंचायत को लूटते रहे सड़क के घटिया निर्माण और मरम्मत पर जिला पंचायत के अभियंता से लेकर अवर अभियंता की सहमति पर ठेकेदारों को सरकारी खजाने से अपर मुख्य अधिकारी द्वारा भुगतान किया जाता रहा जिससे सरकार को बड़ी चपत लगी है लेकिन घटिया निर्माण करने वाले ठेकेदार के कारनामों की जांच करते हुए अभी तक ठेकेदार से सड़क निर्माण के रकम की रिकवरी भी जिला पंचायत के अध्यक्ष ने नहीं कराई है इतना ही नहीं मानक विहीन सड़क निर्माण कराए जाने के समय तत्कालीन अवर अभियंता मनीष कुमार और अभियंता अखिलेश्वर मल्ल पर भी कठोर कार्यवाही करते हुए इन्हें निलंबित कर इनके वेतन से सड़क निर्माण की रकम की वसूली की कार्यवाही जिला पंचायत अध्यक्ष ने अभी तक नहीं की है जिससे जिला पंचायत के निर्माण कार्यों में पारदर्शिता का अंदाजा लगाया जा सकता है जलाशय का रूप ले चुकी सड़क की फिर से मरम्मत कराए जाने और पूर्व में हुए सड़क मरम्मत की जांच कराए जाने और घटिया निर्माण में लिप्त विभागीय ठेकेदार और अधिकारियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग आम जनमानस ने योगी सरकार से की है।

न्यूज झरोखा

तीसरे दिन तालाब से निकला अधेड़ का शव, काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो सकी शिनाख्त

मनौरी कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के पूरा मुफ्ती के तालाब में 3 दिन पहले एक अधेड़ कूद गया था जिससे अधेड़ तालाब में डूब गया काफी प्रयास के बाद भी अधेड़ का सुराग नहीं लगा पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तालाब की साफ सफाई कराई साफ सफाई के बाद तालाब से तीसरे दिन अधेड़ का शव बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक अधेड़ का शव बरामद करने के लिए थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप,जिला पंचायत सदस्य नेपाल सिंह पटेल,रमाकांत सिंह पटेल,बीरेंद्र कुमार केसरवानी,गणेश दत्त शुक्ला,मुस्तेहासन उर्फ. मुच्छु प्रधान एसडीआरएफ टीम प्रभारी इंस्पेक्टर विवेकानंद तिवारी के अथक प्रयास से पूरामुफ्ती गांव के तालाब की सफाई करने के बाद तीसरे दिन मंगलवार को डूबे व्यक्ति का शव तालाब से मिला है शव की जामा तलाशी लेने पर उसके पास कोई पहचान नहीं मिला है काफी प्रयास के बाद भी अधेड़ की शिनाख्त नहीं हो सकी है पूरामुफ्ती पुलिस ने अधेड़ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अझुवा नगर अब कैमरे की नजर में, एसपी ने किया उद्घाटन

अझुवा कौशांबी। नगर पंचायत की पहल पर शासन के सहयोग से आदर्श नगर पंचायत अझुवा में सीसीटीवी कैमरों का मंगलवार को जिले के कप्तान बृजेश श्रीवास्तव ने विधिवत शुभारंभ किया है जिसकी कमान नगर पंचायत के कर्मी और समय समय पर पुलिस भी मानीट्रिंग करेगी कप्तान बृजेश श्रीवास्तव ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगने से नगर पंचायत क्षेत्र में अराजक तत्वों और चोरों की लगाम कसने में मदद मिलेगी अधीनस्थों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य करें अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई में शिथिलता पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है बता दें कि नगर पंचायत प्रशासन ने नगर पंचायत के टेंड्री मोड़,भोला चौराहा,शायरी माता तिराहा,सब्जी मंडी, टांडा मोड़ हाइवे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ऑपरेटिंग सिस्टम नगर पंचायत के रैन बसेरे में लगाया गया है।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा सहित सर्किल आफिसर सिराथू अवधेश विश्वकर्मा,थानेदार चंद्र भूषण मौर्य,चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य ,नगर पंचायत के गणमान्य उपस्थित रहे।

बरियावा में घर-घर खिलाई गई फाइलेरिया की दवा



बेनीराम कटरा कौशाम्बी। विकास खंड नेवादा के उपकेंद्र रामपुर ग्राम सभा बरियावां में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गांव के लोगो को फाईलेरिया की दवा खिलाई गयी ग्राम सभा बरियावां में प्रथम ऊषा देवी अंजली कुमारी विश्वकर्मा के द्वारा घर घर पहुंच कर गांव के लोगों को अपने सामने फाइलेरिया की दवा खिलाई गई है और फाइलेरिया की दवा खाने से होने वाले लाभ के बारे में लोगों को बताया गया।

गल्ला व्यापारियों ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

अझुवा कौशांबी। नगर पंचायत अझुवा स्थित नवीन मंडी समिति प्रांगण में महाकालेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का भंडारे का आयोजन व्यापारियों ने किया है,प्रत्येक वर्षों की भांति इस वर्ष भी भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का प्रसाद ग्रहण किया हैं सर्वप्रथम भंडारे में कन्या भोज का आयोजन किया गया छोटी छोटी बच्चियों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद आयोजकों ने भंडारे में शामिल होने आए हजारों श्रद्धालुओं को भोले बाबा का प्रसाद ग्रहण कराया है भंडारे में व्यापारियों को उत्साह देखने को मिला है।

बीआरसी मूरतगंज में दिव्यांगता प्रमाणपत्र मेडिकल कैंप आयोजित

कौशाम्बी। समग्र शिक्षा अभियान समेकित शिक्षा के अंतर्गत विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र यूडीआईडी हेतु मेडिकल कैंप बीआरसी मूरतगंज में आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा एक टीम का गठन किया गया जिसमें डॉक्टर राहुल सिंह नेत्र सर्जन डॉक्टर नितेश सिंह मनोचिकित्सक, डॉक्टर कुलदीप मिश्र अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ पंकज कोटार्य नैदानिक मनोवैज्ञानिक तथा डॉक्टर ज्ञानेंद्रधर द्विवेदी ईएनटी सर्जन उपस्थित रहे स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम द्वारा दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गत किया गया इस कार्यक्रम में कुल 85 बच्चों का नामांकन किया गया जिसमें 72 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया कैंप में अस्थि दिव्यांग, दृष्टि दिव्यांग, मानसिक मंद तथा मूकबधिर दिव्यांग बच्चों ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम को सफल बनाने में फिजियोथैरेपिस्ट एवं विशेष शिक्षको पंकज साहू, राम बहादुर कुशवाहा, पुष्पेंद्र द्विवेदी, पुष्पेंद्र सिंह, शारदा सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा यह कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज सुनील कुमार सिंह तथा प्रभारी जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विकास पाण्डेय के देखरेख में कुशलता पूर्वक संपन्न किया गया।

संपादक की कलम से

चंद्रबाबू नायडू ने खो दी भाजपा से सौदेबाजी की ताकत

आंध्र प्रदेश अभी भी राज्य के विभाजन से उबर नहीं पाया है। जहां जगनमोहन रेड्डी नतीजे से खुश दिख रहे हैं, वहीं चंद्रबाबू नायडू अपने कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी लेकर चल रहे हैं। नायडू 'अमरावती' को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने पर अड़े हैं जबकि जगनमोहन रेड्डी विशाखापत्तनम को राजधानी बनाना चाहते हैं। यह एक कड़ा गतिरोध है। क्या भाजपा का कोई विचार है? तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की 2024 में राष्ट्रीय राजनीति में भूमिका है या नहीं, यह इस बात पर निर्भर करेगा कि वह एनडीए में हैं या नहीं। नायडू इस बात पर जोर देते हैं कि उनकी एक भूमिका होगी और अगर टीडीपी के भाजपा के साथ हाथ मिलाने की बात सच है, तो उनकी एक निश्चित भूमिका हो सकती है। चाहे जो हो, 2024 अभी भी बहुत आगे है, भले ही जिस गति से एक के बाद एक शुक्रवार बीते जा रहे हैं और भाजपा-तेदेपा गठबंधन जोर नहीं पकड़ रहा है, वह एक और कहानी बताता है। तथ्य यह है कि जब नरेंद्र मोदी खुद को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री घोषित कर चुके हैं तो नायडू की भूमिका क्या होगी। चंद्रबाबू नायडू मोदी के लिए किसी भी अन्य राजनेता से अलग नहीं हैं। क्या कोई भी राजनेता यानी मोदी की पार्टी भाजपा सहित किसी भी पार्टी का कोई राजनेता, खड़ा होकर मोदी को याद दिला सकता है कि वह जब चाहें तब खुद को प्रधानमंत्री घोषित नहीं कर सकते। इसके बजाय, जो हम देखते हैं वह स्वीकृति है- पूर्ण स्वीकृति। फिर यहां चंद्रबाबू भी कह रहे हैं कि वह 2024 में अपनी भूमिका के बारे में 'स्पष्ट' हैं। वैकल्पिक रूप से, तेदेपा को आंध्र प्रदेश विधानसभा जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए, जिसके लिए चुनाव 2024 में भी निर्धारित हैं। नायडू सबसे ज्यादा खुश होंगे अगर वह वाईएसआरसीपी के जगन रेड्डी को हटा दें। मुख्यमंत्री रेड्डी आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी से चिपके हुए हैं और आंध्र प्रदेश के एक समय के अति-शक्तिशाली मुख्यमंत्री चंद्रबाबू अब इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। चंद्रबाबू उस दिन का सपना देखता है जब तेदेपा आंध्र प्रदेश में सत्ता में लौटेगी और आंध्र प्रदेश के लिए उसने जो योजनाएं बनाई हैं वे सभी सच होंगी। पिछले कई महीनों, हफ्तों और दिनों से भाजपा के तेदेपा से हाथ मिलाने की चर्चा चल रही है। प्रधानमंत्री की पार्टी ने अफवाहों को जीवित रखा है और तेदेपा के राजग में शामिल होने और वाईएसआरसीपी के लोकसभा और राज्यसभा में सहायक भूमिका के लिए समझौता करने की चर्चा जारी है। पिछली बार सुना था, नायडू अपने पद से डिगे नहीं थे। न तो जगन रेड्डी और न ही जेपी नड्डा। सभी लोग अपनी-अपनी बात पर अड़े रहे। इतना ही नहीं, जब नायडू से उनकी योजनाओं के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'राजग में शामिल होने के बारे में बात करने का यह सही समय नहीं है। मैं इस बारे में सही समय पर बात करूंगा।' नायडू का 'सही समय' अतीत में है, जो उनके भविष्य के लिए अच्छा संकेत नहीं है। चंद्रबाबू नायडू यह भी भूल जाते हैं कि वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के संस्थापकों में से एक थे, जिसे केंद्र द्वारा आंध्र प्रदेश को 'विशेष दर्जा' देने से इंकार करने के बाद उन्होंने गुस्से में छोड़ दिया था। अब, कई मौके गंवाने के बाद, नायडू इस बात पर जोर दे रहे हैं कि उनकी 'प्राथमिकता' आंध्र प्रदेश है- उनका 'बड़ा एजेंडा'। चंद्रबाबू नायडू एक शानदार राजधानी के साथ आंध्र प्रदेश के पुनर्निर्माण के लिए जी रहे हैं।

जिताऊ प्रत्याशियों पर दांव लगायेगी कांग्रेस

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान में कांग्रेस पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में जिताऊ प्रत्याशियों पर ही दांव लगाएगी। पार्टी को जो प्रत्याशी जीतने वाला लगेगा चाहे वह कितनी भी अधिक उम्र का क्यों ना हो उसे मैदान में उतारा जाएगा। कांग्रेस का प्रयास है कि राजस्थान में लगातार दूसरी बार सरकार बना कर हर बार सरकार बदलने के मिथक को तोड़ा जाए। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अलग-अलग एंगल से सभी 200 विधानसभा क्षेत्र में जीतने वाले प्रत्याशियों के लिए सर्वे करवा रहे हैं। जिस व्यक्ति का नाम भी सर्वे में उभर कर आएगा उसको ही इस बार कांग्रेस पार्टी टिकट देकर चुनावी मैदान में उतरेगी। कांग्रेस के बड़े नेताओं का मानना है कि आम कार्यकर्ता से लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि तक कोई भी टिकट के लिए आवेदन कर सकता है। वरिष्ठ नेता पूरी तरह से छानबीन कर अंतिम सूची में जीतने वाले नाम पर ही मोहर लगाएंगे।

जयपुर में संपन्न हुई नवगठित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल व प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की मौजूदगी में कहा था कि हम चुनाव जीतेंगे। हमने प्रदेश की जनता के भले के लिए बहुत से नए काम किए हैं तथा बहुत सी नयी योजनाएं प्रारंभ की हैं। जिससे प्रदेश की अधिकांश जनता लाभान्वित हो रही हैं। हमारे द्वारा शुरू किए गए कामों के बदौलत ही राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस पार्टी को फिर से जिताने का मानस बना लिया है। कांग्रेस के सभी नेता मिलजुल कर पूरी एकजुट से चुनाव मैदान में उतरेंगे। जबकि भाजपा में आज भी अलग-अलग नेताओं के अलग-अलग गुट बने हुए हैं। ऐसे में प्रदेशवासी कांग्रेस की ही सरकार बनाने की चर्चा करने लगे हैं।

गहलोत का कहना है कि बीजेपी तो हार मान चुकी है। जबकि हम चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। बीजेपी में दिल्ली से आकर नेता चुनाव लड़ेंगे तो जनता इनसे पूछेगी कि क्या हमारे फैसले भी आप दिल्ली से बैठकर करोगे। बीजेपी की यह स्थिति है कि उनके कार्यकर्ता पूछते हैं कि हमारा नेता कौन है। इनके पास चुनाव लड़ने के लिए चेहरा तक नहीं है। प्रधानमंत्री के चेहरे पर चुनाव लड़ा जाएगा तो यह चुनाव से पहले हार मानने की स्थिति में आ गए हैं। जनता इस बात का एहसास कर रही है।

जयपुर में कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा हो या बुजुर्ग हो टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा। गहलोत का मानना है कि कर्नाटक चुनाव में 90 साल के व्यक्ति को भी टिकट दिया गया था जो चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर चिंतन शिविर के घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा।

कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में प्रत्याशियों के टिकट जल्दी से जल्दी तय करना चाहती है। कांग्रेस के अधिकांश वरिष्ठ नेता चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगने से पहले प्रत्याशियों के नाम तय कर देना चाहते हैं। इसको लेकर ब्लाक कमेटियों से लेकर प्रदेश स्तर पर गठित चुनावी समितियों की बैठकों का दौर शुरू कर दिया गया है। पार्टी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के सभी 25 लोकसभा सीटों पर गुजरात, हरियाणा व उत्तर प्रदेश के 25 विधायकों को पार्टी पर्यवेक्षक बनाकर जिलों में भेजा गया था। इन 25 पर्यवेक्षकों में से हर एक को लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले आठ विधानसभा सीटों का फीडबैक लेने का काम दिया गया था।

सभी पर्यवेक्षकों ने जिलों में जाकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक को का आयोजन कर विभिन्न नेताओं से पार्टी के संभावित प्रत्याशियों के बारे में फीडबैक लिया तथा पार्टी की टिकट चाहने वालों के बायोडाटा भी एकत्रित किए हैं। सभी पर्यवेक्षको ने जयपुर लौटकर अपनी रिपोर्ट पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा को सौंप दी है। इसके अलावा इसके अलावा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष व ब्लॉक अध्यक्षों से भी राय मांगी जाएगी। प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा व उनके साथ तीन सह प्रभारी भी लगातार प्रदेश का दौरा कर विभिन्न स्तरों पर रायशुमारी कर रहे हैं। टिकट वितरण में पार्टी द्वारा उम्र का बंधन लागू नहीं करने के कारण उम्रदराज नेताओं को भी टिकट मिलने की संभावना बन गई है। इसी के चलते कांग्रेस विधायक हेमाराम चौधरी, दीपेंद्र सिंह शेखावत, भारत सिंह जैसे उम्रदराज नेताओं ने अगला विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने की बात कही थी। मगर उम्र का बंधन नहीं होने के चलते शायद यह लोग भी फिर से चुनावी मैदान में उतर जायें।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी आदिवासी बहुल बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एक बड़ी रैली को संबोधित कर राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। राहुल गांधी के राजस्थान दौरे के बाद कांग्रेस के नेता सक्रिय होकर चुनाव की तैयारी में जुट गए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत भी चुनाव को लेकर पूरे आक्रामक मूड में है। पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग में मुख्यमंत्री ने अपने नजदीक माने जाने वाले कांग्रेस नेताओं को जमकर फटकार लगाई।

विधायक रघु शर्मा ने जब जातिगत जनगणना के फैसले पर सवाल उठाते हुए इससे चुनावों में नुकसान होने की आशंका जताई तो गहलोत ने उन पर तंज कसते हुए कहा कि तुम तो नेशनल लीडर हो। राहुल गांधी से ही सीधी बात क्यों नहीं कर लेते। आपको पता है यह हमारी पार्टी का नेशनल स्टैंड है और आप इस तरह की बात कह रहे हो। कर्नाटक में राहुल गांधी ने बोला था। बाकी जगह भी कांग्रेस का यही स्टैंड है। बैठक में पूर्व सांसद रघुवीर मीणा ने आदिवासी इलाके मानगढ़ की सभा में एसटी आरक्षण की जगह ओबीसी आरक्षण पर घोषणा करने को पार्टी के लिए नुकसानदायक बताते हुए इस पर सवाल उठाए। रघुवीर मीणा के सवाल उठाने पर गहलोत ने कहा कि मुझे पता है कहां क्या घोषणा करनी है। मुख्यमंत्री सबका होता है मेरी प्राथमिकता सब लोग हैं। कोई बात कहां रखनी है मैं मुख्यमंत्री हूं इतना तो जानता ही हूं। अब तो सलूंबर को जिला बना दिया और आपके चुनाव जीतने का रास्ता साफ कर दिया है। फिर भी यह बात बोल रहे हो। बैठक के दौरान खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बीजेपी के आरोपों पर आक्रामक होने की सलाह दी तो गहलोत ने खाचरियावास पर भी तंज कसते हुए कहा कि खाचरियावास बोलते-बोलते पता नहीं कौन सा ट्रैक पकड़ कर क्या बोल जाते हैं। केसी वेणुगोपाल जी अनुशासन के मामलों में कार्रवाई करने में थोड़ा वक्त लगाते हैं। अगर इनकी जगह मैं होता तो बता देता। गहलोत ने राज्यसभा सांसद नीरज डांगी पर भी तंज कसते हुये कहा कि आपको पार्टी ने दो बार मौके दिया जीते नहीं तो पार्टी ने राज्यसभा सांसद बना दिया। कम से कम अब तो एक विधानसभा सीट जितवाने की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिए। चुनावी तैयारियों के नजरिये से कांग्रेस पार्टी प्रदेश में भाजपा से काफी आगे चल रही है। सचिन पायलट के शांत होने से पार्टी में चल रही गुटबाजी बंद हो गयी है। यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री गहलोत ही पूरे चुनावी अभियान का नेतृत्व करगें। भाजपा द्धारा गहलोत के सामने अभी तक कोई चुनावी चेहरा नहीं उतारे जाने के चलते कांग्रेस को फायदा होता नजर आ रहा है।

खरगे की नई टीम से कांग्रेस को आगामी चुनावों में कितना फायदा होगा ?

एल एस हरदेनिया

भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी। मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस दोनों के दो कदमों ने न केवल दोनों दलों के कार्यकताओं को बल्कि आम जनता को भी आश्चर्यचकित कर दिया है। इन दो कदमों में सत्तारूढ़ भाजपा का भी एक कदम शामिल है जिसके तहत उसने तीन महीने बाद होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसकी आधिकारिक घोषणा के भी पहने अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस पहली सूची में विधानसभा की वे 39 सीटें हैं जहां से पार्टी 2018 के विधान सभा चुनाव में हार गई थी अर्थात ये उम्मीदवार ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे जहां पार्टी को 2018 के आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। इस घोषणा के समय ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शायद यह पहली बार है कि मतदान के तीन महीने पहले ही उम्मीदवारों का चयन कर लिया गया है। दूसरा कदम कांग्रेस का है जिसने चुनाव की तारीखों से काफी पहले ही भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र जारी कर दिया है। हालांकि भाजपा ने सोचा था कि उम्मीदवारों की घोषणा का पार्टी के लोग स्वागत करेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। इस घोषणा का स्वागत करने के बजाय पार्टी के एक बड़े वर्ग में नाराजगी देखी गई। ऐसे समय में, जब सर्वेक्षणों में शिवराज सिंह चौहान सरकार के खिलाफ भारी सत्ता विरोधी लहर की भविष्यवाणी की गई थी, भाजपा ने न केवल उन निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे हैं जहां वह 2018 में हार गई थी बल्कि पार्टी उम्मीदवार लगातार एक के बाद एक चुनाव हारते रहे हैं। सूची से असंतुष्ट भाजपा नेता और कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह इसके विपरीत कि चुनाव से करीब तीन महीने पहले सूची जारी कर यह संदेश देने की कोशिश की गई कि भाजपा कड़ी टक्कर देने जा रही है और राज्य में अपने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही है। वह हर सीट पर लड़ेगी। प्रदेश भाजपा नेताओं ने दावा किया था कि इस सूची से कार्यकताओं को संगठित और सक्रिय किया जायेगा। विधानसभा चुनाव से काफी पहले ही वे अपने घरों से निकलकर मैदान में उतरेंगे। इसे कांग्रेस के गढ़ कही जाने वाली कुछ सीटों को जीतने के लिए पर्याप्त समय के अवसर के रूप में देखा जा रहा था। 13 आदिवासी उम्मीदवारों की घोषणा का मतलब आदिवासी मतदाताओं को भगवा पार्टी की ओर वापस लाना भी था। राजकुमार कराठे के गुरुवार सुबह 'आप' से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद, उन्हें बालाघाट के लांजी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा गया। इसके विरोध में सीट से पार्टी के पूर्व विधायक रमेश भटेरे के समर्थकों ने राजकुमार कराठे के खिलाफ नारे लगाते हुए लांजी की सड़कों पर भाजपा के झंडे के साथ जुलूस निकाला। 'राजकुमार को झाड़ू मारो' उनका नारा था। 'केंद्रीय नेतृत्व को पता होना चाहिए कि उन्होंने उस व्यक्ति को टिकट दिया है जो आज भी पार्टी का प्राथमिक सदस्य नहीं है। शुक्रवार तक वह आप के साथ थे और लगातार भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के खिलाफ प्रचार कर रहे थे। हमारी मांग है कि 'इस फैसले को बदला जाये,'रमेश भटेरे के एक समर्थक ने कहा।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव को मैदान में उतारने का भी विरोध किया जा रहा है, यह सीट उन्होंने 2008 में 7,508 वोटों के अंतर से और 2013 में 2,217 वोटों से जीती थी। जब निर्वाचन क्षेत्र में उनका अंतर कम हो गया, तो पार्टी ने उन्हें 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें बड़ा मलाहरा निर्वाचन क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया, जहां वह कांग्रेस के प्रद्युम्न सिंह लोधी (अब भाजपा में) से 15,779 मतों के अंतर से हार गईं। बड़ा मलाहरा में उमा भारती के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान उनकी सीट थी। भाजपा ने दो बार छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष रहीं अर्चना गुड्डू सिंह को छतरपुर से अपना उम्मीदवार बनाया है। अर्चना सिंह 2018 का चुनाव भी 3,496 वोटों के अंतर से हार गई थीं। अब सवाल पूछा जा रहा है कि पार्टी ललिता यादव को छतरपुर से क्यों मैदान में उतारेगी, जबकि 2013 में उनकी जीत का अंतर बहुत कम था और 2018 में बड़ा मलेहरा में हार गई थीं?

जातिगत जनगणना ही करेगी हिन्दू-मुसलमान राजनीति का मुकाबला!

शकील अख्तर

बिहार अभी भी कई मामलों में लीड कर रहा है। इस तरह से झूठी खबरों के खिलाफ तो कर ही रहा है। जातिगत जनगणना में भी उसी ने पहल की थी। हाईकोर्ट से रोक लगी मगर फिर नीतीश कुमार और तेजस्वी की सरकार ने उसके खिलाफ लड़ कर उसे हटवाया और जातिगत जनगणना का काम फिर शुरू हो गया। जातिगत जनगणना एक ऐसा मुद्दा है जिससे भाजपा सबसे ज्यादा घबराई हुई है। कांग्रेस और दूसरे विपक्षी दल एक बार इसकी मांग उठाने के बाद फिर चुप हो गए हैं। इसकी शुरूआत राहुल गांधी ने कर्नाटक चुनाव में की थी। और देश में एक माहौल बना और राजनीतिक रूप से कर्नाटक में कांग्रेस को फायदा हुआ वह जीती। लेकिन उसके बाद कांग्रेस इसे भूल गई है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार ने कहा कि वह जातिगत जनगणना करवाएगी मगर अभी तक उसकी कोई शुरूआत नहीं की है। कांग्रेस को और नए बने विपक्षी गठबंधन इंडिया को समझ लेना चाहिए कि किसी मुद्दे को आधे अधूरे मन से उठाने से कोई फायदा नहीं होता है। उल्टे नुकसान की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं। क्योंकि विरोधी तो आपके खिलाफ हो ही जाते हैं। लेकिन उससे सहमत लोग आपकी दुविधा की वजह से पूरी तरह आपके साथ नहीं आते हैं।

31 अगस्त और एक सितम्बर को मुबंई में होने वाली 26 विपक्षी दलों की तीसरी बैठक में संयोजक का चुनाव और 11 सदस्यीय संचालन समिति की घोषणा का तो एक औपचारिक महत्व है। असली बात वह माहौल बनाना है जिससे जनता हिन्दू-मुसलमान के जाल से निकलकर बाहर आए। पिछले 9 साल में जो हिन्दू- मुसलमान का नशा करवाया गया है उसका तोड़ जातिगत जनगणना ही है। कमंडल का जवाब मंडल की तरह।

मुबंई में अगर इंडिया ने जातिगणना जनगणना का मुद्दा उठा दिया और सरकार बनने की दशा में इसका आदेश सबसे पहले निकालने की घोषणा कर दी तो फिर भाजपा का कोई हिन्दू-मुस्लिम अजेंडा नहीं चल पाएगा। सीधा प्रस्ताव पास करना है कि इंडिया की सरकार बनने पर कैबिनेट की पहली बैठक में जातिगत जनगणना करवाने का आदेश पारित किया जाएगा। देखिए इस प्रस्ताव के पास होते ही कैसे माहौल बदलता है। साम्प्रदायिकता का सारा नशा काफूर हो जाएगा। पिछड़े दलित आदिवासी को जैसे ही अपने अधिकार मालूम होंगे वह अपने और अपने बच्चों के भविष्य के लिए खड़ा हो जाएगा। आज तो उसे बेरोजगारी, महंगाई, सरकारी शिक्षा, सरकारी चिकित्सा खत्म होने का कोई अहसास ही नहीं है। वह तो नफरत की आग में जल रहा है। मणिपुर इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। नफरत और विभाजन की आग जलते साढ़े तीन महीने हो गए। प्रधानमंत्री नहीं गए तो नहीं गए।

ऑपरेशन कमल के सामने अब कर्नाटक में कांग्रेस का ऑपरेशन पंजा का आगाज

अशोक भाटिया

भाजपा जीते बगैर सत्ता हथियाने में माहिर हैं । उसके लिए वह स्पेशल टीम लगाती है ;जो 60% राज्यों में कामयाब रही हैं । 'ऑपरेशन लोटस' भाजपा की उस स्ट्रैटजी के लिए गढ़ा गया शब्द है, जिसमें सीटें पूरी न होने के बावजूद पार्टी सरकार बनाने की कोशिश करती है। पिछले 6 साल के दौरान 7 राज्यों में भाजपा ने ऑपरेशन लोटस चलाया। इसमें से 5 बार भाजपा को सफलता मिली है, जबकि 2 बार मात खानी पड़ी। मध्य प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा , अरुणाचल में भाजपा पास हुई तो राजस्थान , उत्तराखंड में उसे फेल होना पड़ा था । अभी ऑपरेशन की सबसे बड़ी हलचल कर्नाटक में चल रही है जहाँ भाजपा ने यह ऑपरेशन कमल शुरू किया था । 2017 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा 104 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी । भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली, लेकिन फ्लोर टेस्ट पास नहीं कर पाए। सरकार गिर गई।इसके बाद कांग्रेस के 80 और जे .डी.एस . के 37 विधायकों ने मिलकर सरकार बना ली। 2 साल भी पूरे नहीं हुए थे कि पॉलिटिकल क्राइसिस शुरू हो गई। जुलाई 2019 में कांग्रेस के 12 और जे .डी. एस . के 3 विधायक बागी हो गए।कांग्रेस-जे .डी.एस . सरकार के पास 101 सीटें बचीं। वहीं भाजपा की 105 सीटें बरकरार रहीं। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और वहां से फ्लोर टेस्ट का आदेश दिया गया। सरकार फ्लोर टेस्ट में फेल हो गई और मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने इस्तीफा दे दिया। इस समय 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कर्नाटक के सियासी गलियारों में 'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा जोरों पर है। कहा जा रहा है कि इस समय कांग्रेस भाजपा और जेडीएस को तोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का ये भी मानना है कि ये 2019 के ऑपरेशन लोटस का बदला है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, पार्टी की रणनीति 'ऑपरेशन पंजा' के तहत 3 से 4 चरणों में भाजपा -जेडीएस विधायकों को तोड़ने की है। एक न्यूज एजेंसी ने कर्नाटक कांग्रेस सूत्रों के हवाले से बताया है कि जल्द ही 15 विपक्षी विधायकों को पार्टी में शामिल किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, विधायकों से संपर्क किया जा चुका है और उनके पदों को लेकर आगे की चर्चा चल रही है। इस पर मुहर लगते ही विधायकों को कांग्रेस में शामिल कर लिया जाएगा। 'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा नेता और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस बोम्मई ने दावा किया कि कोई भी भाजपा विधायक कांग्रेस में शामिल नहीं होगा। कर्नाटक के राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि ऑपरेशन पांजा को ऑपरेशन लोटस की तर्ज पर लागू किया जाएगा। इसके तहत कांग्रेस उन विपक्षी विधायकों को तोड़ने की रणनीति बना रही है जो कभी कांग्रेस में थे। इसके अलावा कांग्रेस की नजर पुराने मैसूर, बेलगावी, बीदर और तटीय कर्नाटक के मजबूत भाजपा नेताओं पर है।

इन नेताओं को साथ लेकर कांग्रेस 2024 में भाजपा को कड़ी टक्कर देने की रणनीति तैयार कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2024 में लोकसभा की 20 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल पार्टी के पास सिर्फ एक सीट है। इसलिए कांग्रेस ऑपरेशन पंजा के जरिए राज्य में अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश कर रही है। जब राजनीतिक गलियारों में 'ऑपरेशन पंजा' की चर्चा चल रही थी तो भाजपा ने आनन-फानन में बैठक बुलाई। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के आवास पर बुलाई गई थी। इस बैठक में भाजपा के दो विधायक शामिल नहीं हुए। विधायक एसटी सोमशेखर और शिवराम हेब्बार बैठक से अनुपस्थित रहे। एक स्थानीय अखबार के अनुसार येदियुरप्पा ने बैठक के बाद कहा कि कुछ विधायक भाजपा छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं, लेकिन हम लगातार उनके संपर्क में हैं। येदियुरप्पा के घर पर हुई भाजपा की बैठक से नदारद विधायक सोमशेखर ने कहा कि वह डीके शिवकुमार के राजनीतिक गुरु हैं। सोमशेखर के बयान के बाद ऑपरेशन पंजा पर मुहर लग गई। अपने समर्थकों से बात करते हुए सोमशेखर ने कहा- मैं जहां हूं, वहां खुश नहीं हूं। सोमशेखर भाजपा आलाकमान से नाराज हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने उन नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जो इस क्षेत्र में उनके खिलाफ काम कर रहे थे। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी जनता दल सेक्युलर में भी नाराजगी की खबरें आ रही हैं। बताया जा रहा है कि जेडीएस के 10-12 विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं। पार्टी दो तिहाई विधायकों को एक साथ लाने की कोशिश कर रही है। जेडीएस के पास फिलहाल 19 विधायक हैं और अगर 14 विधायक एकजुट हो जाएं तो उन्हें विधायक पद से इस्तीफा नहीं देना पड़ेगा। 135 सीटें जीतकर सरकार बनाने वाली कांग्रेस को 42 फीसदी वोट मिले। साथ ही 66 सीटें जीतने वाली भाजपा को 36 फीसदी वोट मिले हैं। कर्नाटक में चुनाव के बाद भाजपा और जेडीएस गठबंधन की बातचीत चल रही है। अगर दोनों ने गठबंधन किया तो वोटों का प्रतिशत 50 के करीब पहुंच जाएगा। इसे रोकने के लिए कांग्रेस रणनीति बना रही है। पार्टी पूरे वोट बैंक को बदलने की कोशिश में है। इसके लिए जेडीएस में बड़े विभाजन की जरूरत है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन पंजा लोकसभा चुनाव तक जारी रहेगा। कांग्रेस की रणनीति भाजपा और जेडीएस के बीच भ्रम पैदा करने की है। कांग्रेस लगातार कर्नाटक में विपक्ष का नेता नहीं चुने जाने का मुद्दा उठा रही है। मई में चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से भाजपा कर्नाटक में एक विपक्षी नेता का चुनाव नहीं कर पाई हैं । गौरतलब है कि कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भाजपा को एकतरफा शिकस्त देने के बाद भी राज्य में कांग्रेस बहुत मजबूत स्थिति में दिखाई दे रही है। साथ ही, पार्टी यहां लगातार भाजपा को कमजोर करने में लगी हुई है। कांग्रेस नेताओं की कोशिश है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सूबे से क्लीन स्वीप किया जाए। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार के एक सियासी बयान ने ऑपरेशन पंजा के अटकलों को और अधिक बल दिया। शिवकुमार से जब पत्रकारों ने पूछा कि क्या वे विधायकों की घर वापसी करा रहे हैं, तो उनका जवाब था- राजनीति में सब कुछ संभव है।शिवकुमार के मुताबिक कांग्रेस कर्नाटक के उन इलाकों पर ज्यादा फोकस कर रही है, जहां 2023 के चुनाव में उसका वोट प्रतिशत काफी कम था। शिवकुमार ने बताया कि पार्टी वोट प्रतिशत बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। हमारा लक्ष्य लोकसभा में अधिक सीटें जीतने का है।

दरअसल 2023 के चुनाव में कांग्रेस कर्नाटक के कई इलाकों में एकतरफा जीती, लेकिन बेंगलुरु, बीदर और बेलगावी में पार्टी भाजपा से पिछड़ गई। बेंगलुरु (शहर) के 28 में से सिर्फ 12 सीटें जीत पाई। इसी तरह बीदर की 6 में 2 और बेलगावी की 11 में 7 सीटें ही कांग्रेस जीत पाई।

आइये हुजूर, ...दिखायें झांकी मानिकपुर की

आदिवासियों की भूमि पर भू-माफियाओं की नजरें टिकी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र में अजीब-गरीब विसंगतियां हैं। आइये हुजूर, तुम्हें दिखायें झांकी मानिकपुर की। मानिकपुर के टिकरिया गांव में कभी भी कोई गम्भीर हादसा हो सकता है। यहां के आदिवासियों के भूमि पर भू-माफिया नजरें टिकाये हैं। राजस्व विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत कर विवाद को जन्म दे रहे हैं। इसे लेकर कल आदिवासियों ने एकजुट होकर टिकरिया में प्रदर्शन भी किया है। हो सकता है कि एकजुट आदिवासी बुधवार को जिला मुख्यालय भी आ सकते हैं। मंगलवार को पाठा मानिकपुर की ये झांकी देखने को मिली। टिकरिया गांव के आशीष कोल ने बताया कि उनकी भूमि पर गांव के भू-माफिया रमाकान्त यादव नजरे गडाये हैं। जमीन पर कब्जा होने की आशंका क्षेत्र के जिम्मेदार अधिकारियों को कल बताई थी। फिर भी आज कब्जे का प्रयास शुरू किया गया। आदिवासी समुदाय के लोगों ने प्रशासन से गुहार लगाई है। आशीष कोल ने कहा कि उनके साथ खानापूरी हो रही है। उनकी भूमि पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। ये भूमि अरसा पहले उन्हें सरकार ने दी थी। अब वे भूमि के मालिक हैं। राजस्व विभाग व वन विभाग के कुछ कर्मचारी जानबूझकर विवाद

खडा कर रहे हैं, ताकि उनकी भूमि दौलतमन्दों को सौंपी जा सके। उन्होंने आशंका जताई कि विवाद के चलते उनके साथ किसी भी समय कोई घटना हो सकती है। आदिवासी समुदाय के लोग कल टिकरिया में प्रदर्शन दौरान हसिया, कुल्हाडी हाथों में लिए थे। ऐसे में वहां कुछ भी हो सकता था। इसे प्रशासन गम्भीरता से नहीं लेता तो आगामी कालखंड में हालात खासे विषम हो सकते हैं। सरकारी भूमि पर बडे पैमाने पर अवैध कब्जे की आड में वसूली में जुटे अफसरों को समय रहते सोचना होगा। इसी क्रम में मानिकपुर विकासखंड के इटवा डुड़ैला गांव के मजरा छोटी पाटिन अहिरन पुरवा के देवनाथ यादव ने बताया कि उनका गांव विकास से आज भी कोसो दूर है। छोटी पाटिन में आज तक किसी तरह का कोई विकास नहीं हुआ। ग्रामीणों ने कहा कि हैंडपंप से लेकर गांव की सड़क तक खराब पड़ी है। आज तक दो लोगो को छोड़कर किसी को सरकारी आवास नहीं मिले। उन्होंने कहा कि अधिकारियों समेत सांसद, विधायक व प्रधान से विकास कार्य करवाने की गुहार लगाई है। आज तक कहीं कोई विकास कार्य नहीं हुए। ग्रामीणों ने कहा कि प्रधान, सांसद व विधायक महज वोट बैंक की राजनीति करते हैं। गांव के विकास को लेकर कोई भी अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहा। कुल मिलाकर मानिकपुर तहसील क्षेत्र इन दिनों अपनी बेजारी पर जार-जार आंसू बहा रहा है।

विस्फोटक पदार्थ मामले में एक को हुई चार वर्ष की सजा, दस हजार का जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वादों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द व पैरोकार रामकिशोर की पैरवी से विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के आरोपी को चार साल की सजा व दस हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया।

मंगलवार को जिला अपर शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने भरतकूप थाने में दर्ज विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के आरोपी कमलेश निषाद पुत्र कैलाश निषाद निवासी मुंगेरिया पुरवा मजरा दांदों अमेड़ी थाना कमासिन जिला बांदा को चार साल की सजा व दस हजार रूपए के जुमार्ना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 15 सितम्बर 2020 को भरतकूप थाने के दरोगा फिरोज खान ने कमलेश निषाद को पांच विस्फोटक सेल व पांच इलेक्ट्रानिक डेटानेटर मय फ्यूज वायर के दबोचा था। बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था। दरोगा गणेश गुप्ता ने मामले की विवेचना कर नौ दिसतम्बर 2020 को आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

एक वांछित-तीन वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी दबोचे हैं।

मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की टीम ने पॉक्सो/आईटी/एससी/एसटी एक्ट के वांछित विकास उर्फ विक्कू पुत्र मल्हू उर्फ नत्थू निवासी पटा सरहट को गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक सरधुआ दीपेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा शिवमणि मिश्रा की टीम ने अपहरण, दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वारंटी कामता व संतराम पुत्र गऊलाल निवासी दरसेड़ा को गिरफ्तार किया है।

इसी क्रम में राजापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा की अगुवाई में दरोगा बल्देव सिंह की टीम ने अपहरण के वारंटी रामधनी केवट पुत्र सुन्दर केवट निवासी कनकोटा को गिरफ्तार किया है।

क्रूरता से भैंसों को दो डीसीएम में लादकर ले जाते चार को दबोचा, बरगढ पुलिस की सफलता

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राज कमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने चार लोगों के कब्जे से दो डीसीएम में 14 भैसों को क्रूरतापूर्वक लादकर ले जाते गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 21 अगस्त को बरगढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग 14 भैसों को दो वाहनों में क्रूरता से लादकर ले जा रहे हैं। दरोगा राजेश यादव की टीम ने अरवारी मोड से डीसीएम यूपी 71एटी/8619 व डीसीएम यूपी 71एटी/2057 में 14 भैसों को लादकर ले जाते पकडा। उसमें सवार आमिर कुरैशी पुत्र अब्दुल मजीद निवासी खीरी जिला प्रयागराज, वकील कुरैशी पुत्र अय्यूब कुरैशी निवासी सुकेती थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर, कय्यूम खान पुत्र अय्यूब कुरैशी निवासी सुकेती थाना गाजीपुर जिला फतेहपुर व मो शेरु पुत्र मो सिकन्दर निवासी खीरी जिला प्रयागराज को गिरफ्तार किया।

इनके कब्जे से 14 भैसों को बरामद किया। दोनों डीसीएम थाने में सीज किये। टीम में दरोगा राजेश कुमार यादव, दीवान रमेशचन्द्र, सिपाही राहुल दीक्षित व सुधाकर सिंह शामिल रहे।

रिपोर्ट से पहले जांच को डीजीपी का फैसला जन विरोधी: का अमित

भाकपा ने फैसला रद्द करने की उठाई मांग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाकपा उप्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य का अमित यादव एड ने सूबे की भाजपा सरकार पर गरीबों के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा धनवानों की पक्षधर है। भाजपा का चरित्र गरीब विरोधी व जनविरोधी है। मंगलवार को भाकपा उप्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य का अमित यादव एड ने आरोप लगाया कि डीजीपी मुख्यालय से एफआईआर दर्ज करने बाबत जारी आदेश में साधन संपन्नों पर रिपोर्ट दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच के आदेश दिये गये हैं। डीजीपी मुख्यालय ने मातहतों को जारी निर्देश में



उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सालयों, स्कूल-कालेजों व भवन निर्माण से संबंधित मालिकों व प्रबंध तंत्र स्तर के कर्मचारियों का उत्पीड़न रोकने के नाम पर शासन ने फैसला लिया है। उन्होंने विवादास्पद-आपत्तिजनक फैसले को जनता के गले उतारने की गरज से सरकार ने इसे लागू करने को विकास का बहाना लिया है। प्रदेश के विकास कार्यों को गति देने को ईज आफ डूइंग बिजनेस के प्रति शासन-प्रशासन दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने आरोप लगाया कि धनाढ्यों के उत्पीड़न से पीड़ित मजदूरों, गरीबों, आदिवासियों, खेतिहर मजदूरों, महिलाओं, अल्पसंख्यकों, किसानों और आमजनों को न्याय से वंचित करने वाला फैसला है। ये खुलेआम उत्पीड़न को बढावा देगा। उन्होंने आजमगढ़ के साधन संपन्न और शासन सत्ता में पकड़ रखने वाले निजी विद्यालय में उत्पीड़न की शिकार 14 वर्षीय छात्रा के आत्महत्या मामले में संगीन धाराओं में गिरफ्तार स्कूल प्रधानाध्यापिका और क्लास टीचर की जांच आख्या बदलकर 48 घंटे में जेल से रिहा करा दिया है। इसी तरह कारखानों में हादसे से मजदूरों की मौत एवं घायल होना आम बात है। बिजली के खंभों से गिरकर कर्मचारी के घायल और मौत के मामले में छोटे किसानों और आदिवासियों की जमीनें कंपनियों और माफियाओं के छल-बल से हथियाने में बड़े पैमाने पर उत्पीड़न होता है। ऐसी घटनायें अब खुलेआम होंगी। असहाय लोग रिपोर्ट तक दर्ज नहीं कर सकेंगे। जांच के नाम पर थाने स्तर पर ही मामला रफा-दफा हो जायेगा।

सार्वजनिक रास्ते पर दबंग बार-बार कर रहे कब्जा

पुलिस के समझौते को नहीं मान रहे दबंग

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरैंया पुलिस चैकी के गढ़चपा गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास मुख्य सडक पर गांव सभा की जमीन-सार्वजनिक रास्ता पर दबंग प्रेमसागर उर्फ पप्पू, कौशल पुत्र स्व गजाधर सोरैहां कब्जा कर रहे हैं। दबंगई के चलते रास्ते में अवैध निर्माण कर रास्ता बंद कर रहे हैं। इस मामले में 2018 में सरैंया चैकी प्रभारी ने ग्रामीणों के सामने सुलह में तीन मीटर चैड़ा रास्ता छोड़वाया था। नौ जून 2022 को पुनः दबंगों के रास्ते पर कब्जे की फिराक में अवैध निर्माण शुरू किया तो ग्रामीणों ने आपत्ति जताई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को चैकी में बुलाया। दोनों

पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी। समझौते में लिखा गया कि वे रास्ता बंद नहीं करेंगे। पुनः समझौते को न मानते हुए 18 अगस्त को दबंगों ने रास्ते को बंद करने को लेकर अड गये। गांव के विजयभान सिंह, वंदना पत्नी सत्येंद्र, ऊषा देवी व अन्य लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची तो दबंग प्रेमसागर उर्फ पप्पू मौके पर नहीं मिले। 19 अगस्त की शाम दारू के नशे में गांव में जगह-जगह लोगों को जान से मारने की धमकी व गाली देते रहे। पप्पू के बड़े भाई शिवसागर को पूरा जिला जानता है, वह गैंग में चलता था। पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। बदमाश के मरने से पहले उसका घर आना-जाना था। उसके असलहे लोगों की जानकारी में है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से गांव की है कि मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।

खून से रंगे हाथ जेल में रहकर कमायेंगे पैसा, पचास बंदियों को अगरबत्ती-धूपबत्ती का मिलेगा प्रशिक्षण

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला कारागार रगौली में पचास बंदियों को अगरबत्ती-धूपबत्ती बनाने को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्घाटन अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारुख इनाम सिद्दीकी ने किया।

मंगलवार को न्यायाधीश ने बंदियों को प्रशिक्षण में सहभागिता को प्रेरित किया। बंदियों को जेल से छूटने के बाद स्वरोजगार को कार्यक्रमों को सहायक बताया। जेल अधीक्षक शशांक पांडेय ने कहा कि जेल अब प्रताड़ना गृह न होकर सुधार गृह के रूप में जाने जाते हैं। ये प्रशिक्षण बंदियों की मनोदशा में बदलाव लाकर सही मार्ग पर चलने का वैकल्पिक रास्ता है।

कारागार में इन दिनों 70 बंदियों को कौशल विकास मिशन के तहत मोटर बाईंडिंग और कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में आरएसईटीआई के सहयोग से अगरबत्ती व धूपबत्ती निर्माण प्रशिक्षण की नई पहल वन जेल वन प्रोडक्ट के तहत की गई। प्रशिक्षित होने के बाद बंदियों को उत्पाद को बाजार से जोड़कर पारिश्रमिक के भुगतान के प्रबंध किये जायेंगे, ताकि बंदियों की जेल अवधि में उनमें रचनात्मकता आत्मसंतोष पैदा हो। इस मौके पर आरसेटी डायरेक्टर सुरेश चन्द्र सरोज, डिप्टी जेलर रजनीश सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, आरसेटी फैकल्टी प्रशांत कुशवाहा, प्रिंस कुमार, अगरबत्ती टीचर काशी प्रसाद मौजूद रहे।

चार दम्पतियों को पुलिस ने एक सूत्र में जोडा , खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में चार दम्पतियों में सुलह कराकर परिवारों को टूटने से बचाया।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के समक्ष महिला एवं पुरुष आवेदकों ने पारिवारिक कलह की बाबत प्रर्थना पत्र दिये। पुलिस अधीक्षक ने पत्रों के निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देश दिये। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह ने शिकायतकताओं की बातों को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्षों को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को समझाते हुए चार दम्पति जोड़ों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर सभी चारों दम्पतियों में तालमेल से रहने का वायदा किया। टीम में प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र निरीक्षक श्रीमती रीता सिंह, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव व सुरुचि चैधरी शामिल रहीं।

विधायक के तोहफे से खिलाडी गदगद

विधायक ने स्टेडियम में रखी प्रकाश युक्त क्रिकेट की आधारशिला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। स्पोर्ट्स स्टेडियम मंडल का पहला प्रकाश युक्त मैदान बन गया है। क्रिकेट खेलने को खिलाड़ियों की इच्छा को सपा सदर विधायक अनिल प्रधान ने स्टेडियम में प्रकाश युक्त क्रिकेट की आधारशिला रखी। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को तोहफा दिया है।

मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने अभी तक चित्रकूट धाम मंडल के किसी भी स्पोर्ट्स स्टेडियम में फ्लड लाइट की व्यवस्था न होने पर जिले में खिलाड़ियों को प्रकाश युक्त व्यवस्था में क्रिकेट खेलने का मौका दिया है। प्रदेश के अन्य खिलाड़ियों की भांति जिला स्तरीय

क्रिकेट प्रतियोगिता में सदर विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर प्रकाश युक्त व्यवस्था की आधारशिला रखी।

विधायक के इस तोहफे से खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी खासे उत्साहित हैं। विधायक को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खिलाड़ियों ने कहा कि विधायक का तोहफा हमेशा यादव रहेगा। चित्रकूट इंटर कॉलेज एवं स्टेडियम की बी टीम के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। स्टेडियम की बी टीम ने 94 रन बनाए। सर्वेश यादव ने 38 रन व देवेंद्र ने दो ओवर में तीन विकेट लिये। चित्रकूट इंटर कॉलेज महज 53 रन बनाकर पराजित हो गई। निर्णायक फिरोज अंसारी व श्याम सुंदर समेत स्कोरर की भूमिका श्रीकेशन ने निभाई।

जिला कार्यकारिणी में दो और उपाध्यक्ष मनोनीत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की मंजूरी से जिला कार्यकारिणी में दो लोगों को और पदाधिकारी बनाया है। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने मऊ तहसील के बम्बुरी गांव के जितेन्द्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष व मऊ ब के उमाकान्त यादव को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर सपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह यादव, सुधा सिंह पटेल, मो गुलाब खां, गोपीचन्द्र यादव आदि सपाइयों ने खुशी जताई है। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी हर क्षेत्र में मजबूती के प्रयास कर रही है। लोकसभा चुनाव में इस संसदीय क्षेत्र पर सपा का परचम पुनः लहरायेगा। प्रत्याशियों के चयन बाबत चचार्यें जारी हैं।

कनाडा से भारत भ्रमण पर आए दो विदेशियों का अधिकार वैलफेयर सोसायटी ने किया भव्य स्वागत

आगरा (लोक किरण) कनाडा से प्रथम बार भारत भ्रमण पर होटल रेडिसन आगरा में आए विदेशियों डेविड और नैमन का भव्य स्वागत अधिकार वेलफेयर सोसाइटी एवं संत रविदास फाउंडेशन के बैनर तले किया गया।

अधिकार वैलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष पल्लवी महाजन ने दोनों विदेशियों से एक शिष्टाचार मुलाकात की तब विदेशियों डेविड और नैमन ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि भारत इतनी तरक्की करेगा और इतने सारे इनवेस्टमेंट होंगे और इतने बडे मेट्रो स्टेशन दिल्ली, आगरा में बनाए जाएगे,यह सब कल्पना से परे था।

खनन घोटाले में झारखंड पुलिस के डीपीएस से पूछताछ करेगी ईडी , भेजा समन

रांची। ईडी ने झारखंड के साहिबगंज जिले में अवैध खनन और परिवहन के जरिए एक हजार करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग के केस में डीएसपी राजेंद्र दुबे को समन भेजा है। उन्हें 4 सितंबर को ईडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया है।

राजेंद्र दुबे वर्तमान में साहेबगंज के डीएसपी के पद पर पदस्थापित हैं। इससे पहले 9 दिसंबर 2022 को ईडी ने करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी। बता दें कि खनन घोटाले में गिरफ्तार किए गए मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा जब न्यायिक हिरासत में रिम्स में इलाज के लिए दाखिल थे, तब साहेबगंज के डीएसपी राजेंद्र दुबे लगातार उनसे संपर्क में थे। उन्होंने रिम्स के पेईंग वार्ड में जाकर गैरकानूनी तरीके से पंकज मिश्रा से मुलाकात भी की थी।

ईडी ने पिछली दफा हुई पूछताछ में डीएसपी राजेंद्र दुबे से घोटाले के किंगपिन पंकज मिश्रा से उनके संबंधों, उनकी संपत्ति और अवैध खनन में पुलिस को कथित तौर पर मिलनेवाले हिस्से के बारे में सवाल पूछा था।

ईडी को यह जानकारी मिली है कि पंकज मिश्रा के रसूख का इस्तेमाल कर राजेन्द्र दुबे ने भी काफी संपत्ति अर्जित की है।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर रेलवे यूनियन का आयोजित हुआ महासम्मेलन

आगरा। नेशनल मुवमेंट फार ओल्ड पेंशन सिस्टम तथा फ्रंट अगेंस्ट एनपीएस इन रेलवे के संयुक्त नेतृत्व में नार्थ सेंट्रल रेलवे वर्कर्स यूनियन ने एनपीएस निजीकरण भारत छोडो. महासम्मेलन का आयोजन एरिया क्लब रेलवे सभागार भवन,कानपुर मे किया गया, जिसमें आगरा मंडल से कार्यकारी अध्यक्ष कामरेड अमर सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुरानी पेंशन संघर्षशील रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया।

भारत का विरोध दरकिनार, ब्रिक्स के विस्तार की चीनी मांग को दक्षिण अफ्रीका का समर्थन

जोहान्सबर्ग। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता वाले संगठन ब्रिक्स के विस्तार को लेकर राजनीति तेज हो गयी है। भारत का विरोध दरकिनार करके दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स के विस्तार की चीनी मांग का समर्थन किया है।ब्रिक्स शिखर सम्मेलन 22 से 24 अगस्त तक जोहान्सबर्ग में होना है। ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए 22 देशों ने आवेदन किया है। सम्मेलन में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता इस पर विचार करेंगे। भारत ब्रिक्स के विस्तार का विरोध कर रहा है, लेकिन चीन विस्तार के पक्ष में है। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स के विस्तार को लेकर चीन का समर्थन किया है। राष्ट्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उनका देश 'ब्रिक्स' समूह के सदस्यों की संख्या बढ़ाने का समर्थन करता है।



रामफोसा ने कहा कि अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ब्रिक्स को अन्य देशों के साथ साझेदारी करने की जरूरत है, जो उसकी आकांक्षाओं और दृष्टिकोण को साझा करते हैं। रामफोसा ने शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, कैरेबियाई क्षेत्र, दक्षिण अमेरिका, मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के कई अन्य नेताओं की भागीदारी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एक विस्तारित ब्रिक्स अलग-अलग राजनीतिक प्रणालियों वाले देशों के एक विविध समूह का प्रतिनिधित्व करेगा, जो अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था की समान इच्छा साझा करते हैं।

सीरिया: आतंकी संगठन के ठिकाने पर रूस का हमला, आठ की मौत

इदलिब। यूक्रेन में युद्ध लड़ रही रूस की सेना ने सीरिया के एक आतंकी संगठन हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के ठिकाने पर हमला किया है। हमले में आठ आतंकियों की मौत हो गयी है। कई अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। आतंकी संगठन अलकायदा का सहयोगी संगठन हयात हरीर अल-शाम सीरिया के इदलिब प्रांत के कुछ हिस्सों को नियंत्रित करता है। सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल असद के शासन को चुनौती देने वाला यह संगठन सशस्त्र विरोध करता है। इदलिब प्रांत का यह हिस्सा इस सशस्त्र विरोध के अंतिम गढ़ के रूप में जाना जाता है। सुबह रूस की सेना ने तहरीर अल-शाम के सशस्त्र ठिकाने पर हवाई हमला किया। इन हवाई हमलों में हयात तहरीर अल-शाम संगठन के आठ आतंकवादी मारे गए हैं।

सीरिया के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की ओर से जानकारी दी गयी कि रूस के फाइटर जेट ने इदलिब शहर के पश्चिमी बाहरी इलाके में हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के एक अड्डे पर हमले किए। हमलों में आठ लोगों की मौत के अलावा कई अन्य लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस स्थिति में अभी मरने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। हमला इतना जोरदार था कि काफी दूर तक धुएं के गुबार देखे गए।

मजे में कट रही इमरान खान की जेल की सजा, कोठरी में बनाया गया खास शौचालय

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कोठरी में नया शौचालय बनाया गया है। पांच फीट ऊंची दीवारों वाले शौचालय में एक दरवाजा भी लगाया गया है। बता दें कि इमरान खान ने अदालत में शिकायत की थी जेल में उनकी निजता का उल्लंघन हो रहा है और उन्हें रहने लायक आधारभूत सुविधाएं भी नहीं दी जा रही हैं। जिसके बाद सरकार ने पंजाब की अटल जिला जेल में इमरान खान की कोठरी में शौचालय बनवाया है। बता दें कि तोशाखाना मामले में इमरान खान को दोषी पाया गया है और उन्हें अदालत ने तीन साल जेल की सजा सुनाई है। इमरान खान ने बीते दिनों अदालत में शिकायत कर बताया था कि उनकी जेल कोठरी के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगा है, जिसकी वजह से उनकी निजता का उल्लंघन हो रहा है। इमरान खान ने जेल में रहने लायक सुविधाएं ना मिलने का भी आरोप लगाया था।

नेपाली संसद में गतिरोध खत्म करने पर सहमति

काठमांडू। नेपाल में संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही आज से सुचारू होने की संभावना है। एक महीने से जारी गतिरोध को खत्म करने पर पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति बन गई है। सोमवार देररात तक चली सर्वदलीय बैठक में सहमति जताई गई।

इसके लिए सरकार भी विपक्षी दल की मांग पर एक महीने में अमल करने को तैयार हो गई है। विपक्ष की मांग है कि एक क्विंटल सोने की तस्करी में गृहमंत्री की भूमिका की जांच कराई जाए। बैठक के बाद उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा विपक्ष की जांच आयोग की मांग को स्वीकार कर लिया गया है। फिलहाल सीआईबी ही जांच करेगी। अगर एक महीने में कोई परिणाम नहीं निकला तो उच्चस्तरीय जांच समिति बनाई जाएगी। यह बैठक प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की अध्यक्षता में हुई। इसमें प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के प्रमुख सचेतक महेश बर्तौला, जनता समाजवादी पार्टी के राजकिशोर यादव,नेपाली कांग्रेस के रमेश लेखक, माओवादी हितराज पाण्डे और नेकपा एमाले के सुवास नेम्बांग ने हिस्सा लिया। आज सुबह 11 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक भी होनी है।

नेपाल में जेल से भागे 212 कैदियों में से 194 पकड़े गए

काठमांडू। नेपाल में भक्तपुर के बाल सुधार केंद्र (जेल) का दरवाजा तोड़कर 24 घंटे पहले फरार विचाराधीन 212 बाल कैदियों में से 194 को पुलिस ने दबोच लिया । बाकी 18 तलाश की जा रही है। भक्तपुर के डीएसपी वसंत पाठक ने बताया कि भक्तपुर और काठमांडू से इनको पकड़कर दोबारा सुधार केंद्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि एक कैदी की मृत्यु के बाद बाल सुधार केंद्र में काफी हंगामा हुआ था।कैदियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 12 पुलिसकर्मी और 10 बाल कैदी घायल हो गए थे। इसी दौरान यह बाल कैदी भाग गए थे। केंद्र के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। इसमें जेल तोड़ कर भागे बाल कैदियों के हाथ में डंडा है। वह आरोप लगा रहे हैं कि पुलिस की यातना से उनके साथी की मौत हुई। विरोध करने पर पुलिस ने गोली चलाई। पुलिस यातना से कैदी की मौत के आरोप पर सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। भक्तपुर के जिलाधिकारी खगेन्द्र रिजाल ने कहा है कि जांच शुरू कर दी गई है।

उत्तर कोरिया 24-31 अगस्त के बीच उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी में

टोक्यो। उत्तर कोरिया 24 से 31 अगस्त के बीच उपग्रह (सैटेलाइट) लॉन्च करने की तैयारी में है। यह खुलासा जापान के सूचना संचार माध्यमों ने अपनी रिपोर्ट्स में किया है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने इस संबंध में जापान के तट रक्षक को सूचित किया है। उत्तर कोरिया ने जापान के तट रक्षक से कहा है कि वह आने वाले दिनों में एक सैटेलाइट लॉन्च करेगा। जापानी तट रक्षक ने इसकी पुष्टि भी की है। तट रक्षक ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने 24 से 31 अगस्त के बीच पूर्वी चीन सागर की दिशा में एक उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी की सूचना साझा की है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने संबंधित मंत्रालयों से सूचना जुटाने में सहयोग करने का आह्वान किया और कहा कि जापान इस मामले में दक्षिण कोरिया और अमेरिका के साथ सहयोग करेगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर कोरिया ने 31 मई को अपने पहले सैन्य जासूसी उपग्रह को लॉन्च किया था। बाद में वह दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र में गिर गया था। किम जोंग-उन के नेतृत्व वाले उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने क्षेत्र में बढ़ती अमेरिकी सैन्य उपस्थिति के लिए आवश्यक संतुलन के रूप में जासूसी उपग्रह विकसित किया है। इस बीच अमेरिका-दक्षिण कोरिया ने संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है।

'असफलता का मुख्य कारण...', मून मिशन फेल होने पर बोले रूसी अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख

मास्को। रूस के मून मिशन को बड़ा झटका लगा है। चांद पर रूस की पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं, क्योंकि उसका अंतरिक्ष यान लूना-25 क्रैश हो गया। हालांकि, रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख यूरी बोरिसोव ने चंद्रमा पर पहुंचने की दौड़ में बने रहने की कसम खाई है।

यूरी बोरिसोव का कहना है कि चांद पर पहुंचने के मिशन को किसी भी सूरत में रोका नहीं जाएगा। मिशन को रोकना सबसे खराब फैसला होगा। अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख ने लूना-25 की विफलता का देश के लंबे समय तक इंतजार करने को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि करीब 50 सालों तक चांद पर पहुंचने के मिशन को रोकना लूना-25 की विफलता का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि सन् 1960 और 1970 में हमारे वैज्ञानिकों ने गलती से जो भी सीखा था, वह मिशन के लंबे समय तक रुकने के कारण भूल गए। यूरी बोरिसोव का कहना स्पष्ट है कि अगर पहले ही मिशन को इतने दशकों तक रोका नहीं जाता तो आज लूना-25 क्रैश नहीं होता। पहले के प्राप्त अनुभवों को काम में लाया जा सकता था। रूसी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार 11 अगस्त को सुबह 4.40 बजे रूस के वोस्तोनी कॉस्मोड्रोम से लूना- 25 लैंडर की लॉन्चिंग हुई थी। लूना- 25 को सोयुज 2.1 बी रॉकेट में चांद पर भेजा गया है। इसे लूना-ग्लोब मिशन का नाम दिया गया है।

डोनाल्ड ट्रंप गुरुवार को जॉर्जिया में करेंगे आत्मसमर्पण

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप गुरुवार को जॉर्जिया के चुनाव में की गई धोखाधड़ी के मामले में आत्मसमर्पण करेंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में ट्रंप के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर साझा की गई सूचना के हवाले से कहा कि वह गुरुवार को जॉर्जिया में सरेंडर करने जा रहे हैं।

रिपोर्ट्स में साफ किया गया है कि उन्हें तत्काल जिला अटॉर्नी फानी विलिस करेंगे। फानी जॉर्जिया के चर्चित अधिकारी हैं। वह पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ इस चौथा केस दर्ज करा चुके हैं। स्थानीय शेरिफ कार्यालय ने कहा था कि ट्रंप के आत्मसमर्पण के समय राइस स्ट्रीट जेल के आसपास के क्षेत्र में कठोर लॉकडाउन होगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फुल्टन काउंटी जिला अटॉर्नी के कार्यालय के साथ 200,000 डॉलर के सहमति बांड और रिहाई की शर्तों पर बातचीत के दौरान ट्रंप के आत्मसमर्पण का दिन तय किया गया। पिछले हफ्ते सामने आए 98 पन्नों के जॉर्जिया अभियोग में ट्रंप और अन्य 18 लोगों पर 2020 के जॉर्जिया चुनाव में पराजय को पलटने के प्रयासों के संबंध में कुल 41 आपराधिक मामलों का जिक्र है।

पाकिस्तान में हिंसा प्रभावित 100 ईसाई परिवारों को 20-20 लाख मुआवजा

लाहौर। पाकिस्तान में हाल ही में हिंसा के शिकार हुए करीब 100 ईसाई परिवारों को 20-20 लाख (पाकिस्तानी) रुपये का मुआवजा देने के आदेश जारी किया गया है। यह आदेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ के पंजाब प्रांत के हिंसा प्रभावित जरांवाला शहर का दौरा करने के बाद जारी किया गया। ज्ञात रहे कि इस्लामी कट्टरपंथियों की भीड़ ने पिछले दिनों 21 गिरजाघरों के साथ पिछले हफ्ते जला दिया था।

पिछले हफ्ते फैसलाबाद जिले के जरांवाला शहर में ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने 21 गिरजाघरों और ईसाइयों के कई घरों में तोडफ़ोड़ करने के साथ ही आग लगा दी थी। फैसलाबाद पंजाब प्रांत की राजधानी लाहौर से 130 किलोमीटर दूर है। ईसाई कब्रिस्तान और स्थानीय सहायक आयुक्त के दफ्तर में भी तोडफ़ोड़ की गई थी। काकड़ ने ईसाई समुदाय के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए जरांवाला का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रभावितों को 20-20 लाख रुपए (6,800 अमेरिकी डॉलर) के चेक बांटे। उन्होंने देश के सभी अल्पसंख्यक समुदायों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके जानमाल की हिफाज़त के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ईसाइयों के खिलाफ जघन्य हमलों के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का वादा किया। उन्होंने कहा, अगर कोई अल्पसंख्यकों को नुकसान पहुंचाता है, तो देश का कानून यह सुनिश्चित करने के लिए अपना काम करेगा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। काकड़ ने भीड़ द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए गिरजाघरों और अन्य ढांचों की मरम्मत और पुनर्वास के कामों की समीक्षा भी की।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक समन्वय पर हो सकता है बड़ा निर्णय

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग का सैंडटन कन्वेंशन सेंटर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंच रहे राष्ट्र प्रमुखों का स्वागत करने के लिए तैयार है। इस बार का सम्मेलन राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक समन्वय के क्षेत्रों पर केंद्रित होगा। इसमें सदस्य देश व्यापार के अवसर, आर्थिक आपूर्ति और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करेंगे। साथ ही कोई बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में दक्षिण अफ्रीका के साथ युद्ध को लेकर कूटनीतिक अलगाव का सामना कर रहे रूस ने विस्तार का समर्थन किया है। चीन ने भी समूह के विस्तार का समर्थन किया है। भारत की सबसे बड़ी चिंता यह है कि ब्रिक्स 'चीन-केंद्रित' ब्लॉक न बन जाए। इससे पहले अगस्त में ब्राजील के राष्ट्रपति डी सिल्वा ने कहा था कि वह ब्रिक्स समूह में और अधिक देशों के शामिल होने के पक्ष में हैं। नमस्कार मोदी जी... ब्रिक्स सम्मेलन शुरू होने से पहले रोड्स-कर्स्टन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत अपने अंदाज में किया है। प्रोटियाज क्रिकेट के दिग्गज गैरी कर्स्टन और जोंटी रोड्स ने दक्षिण अफ्रीका में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए वीडियो संदेश जारी किए हैं। रोड्स ने 'अतुल्य भारत' में अपने परिवार के साथ दो अद्भुत सप्ताह बिताने को याद किया। उन्होंने हिंदी में मोदी का स्वागत करते हुए कहा- 'नमस्कार मोदी जी...ब्रिक्स सम्मेलन में आपका स्वागत है। हम दक्षिण अफ्रीकी के रूप में जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक और आर्थिक परिदृश्य पर आपकी एक बड़ी भूमिका है और हम आपके इनपुट के लिए आपको धन्यवाद देते हैं।' टीम इंडिया के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने कहा-'दक्षिण अफ्रीका में आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करना मेरा सौभाग्य है।' कुछ रिपोर्ट्स में खासतौर पर यह उल्लेख किया गया है कि ब्रिक्स में दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देश शामिल हैं। ये समूह वैश्विक आबादी का 41 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 16 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह देश हैं-ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका।

ब्रिटेन में नवजात बच्चों की हत्या की दोषी नर्स लूसी लेटबाई को उम्रकैद की सजा

लंदन। ब्रिटेन की अदालत ने उत्तरी इंग्लैंड के अस्पताल में सात नवजात बच्चों की हत्या और छह अन्य की हत्या के प्रयास की दोषी नर्स लूसी लेटबाई को उम्र कैद की सजा सुनाई। न्यायमूर्ति जेम्स गोस ने अंतिम सांस तक उम्रकैद की सजा सुनाते हुए दोषी नर्स की वक्त से पहले रिहाई के सभी प्रावधानों पर रोक लगा दी। उन्होंने कहा कि 33-वर्षीया नर्स द्वारा किया गया अपराध निर्विवाद रूप से गंभीर प्रकृति का है, इसलिए वह बाकी जिंदगी सलाखों के पीछे बिताएगी। लेटबाई को पिछले सप्ताह सात नवजात बच्चों की हत्या और छह अन्य नवजात बच्चों की हत्या के प्रयास के सात मामलों में दोषी करार दिया गया था। न्यायमूर्ति गोस ने सजा सुनाते हुए टिप्पणी की कि नर्स ने भरोसे का कत्ल किया है। उन्होंने मैनचेस्टर क्राउन कोर्ट में सख्त सजा सुनाते हुए कहा कि दोषी ने सोच-विचार कर और धूर्तता के साथ इस अपराध को अंजाम दिया। न्यायमूर्ति गोस ने कहा, आपने बच्चों के पोषण और देखभाल के सामान्य मानवीय गुणों के विपरीत कार्य किया और सभी नागरिकों के उस भरोसे को तोड़ा, जो चिकित्सा एवं देखरेख पेशेवरों के प्रति है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को आपने नुकसान पहुंचाया उनका जन्म समय-पूर्व हुआ था और उनमें से कुछ के जीवित नहीं रहने की आशंका थी, लेकिन प्रत्येक मामले में आपने जानबूझकर उन्हें मारने की मंशा से उनको नुकसान पहुंचाया। इसी अदालत की जूरी ने 10 महीने की सुनवाई के बाद शुक्रवार को नर्स को दोषी करार दिया था। अदालत के फैसले के बाद भारतीय मूल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जयराम ने बताया कि उन्होंने और उनके सहयोगियों ने काउंटेस ऑफ चेस्टर अस्पताल को इस घटना के प्रति आगाह किया था, जहां पर दोषी नर्स ने 2015 से 2016 के बीच नवजात शिशु इकाई में अपराध को अंजाम दिया था।





बाल सुधार गृह का दरवाजा तोड़ कर 212 विचाराधीन कैदी फरार, तलाशी अभियान में 84 कैदी दोबारा पकड़ में आए

काठमांडू। भक्तपुर के बाल सुधार गृह का मुख्य दरवाजा तोड़ कर 212 विचाराधीन कैदियों के फरार होने की घटना सामने आई है। काठमांडू सहित आसपास के क्षेत्र में पुलिस इन फरार कैदियों की तलाश कर रही है। शाम पांच बजे तक 84 फरार कैदियों को दोबारा पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। भक्तपुर जिले के डीएसपी बसन्त पाठक ने बताया कि बीती रात सुधार गृह के एक कैदी की मौत के बाद हंगामा हुआ। इसे लेकर आज सुबह सुधार गृह प्रशासन, सुरक्षाकर्मी और कैदी बन्दियों के बीच झड़प हुई थी। इस दौरान तनावपूर्ण माहौल का फायदा उठाकर कैदियों ने सुधार केन्द्र का मुख्य दरवाजा तोड़ दिया और 200 से अधिक कैदी फरार हो गए। भक्तपुर के प्रमुख जिलाधिकारी खगेन्द्र रिजाल ने बताया कि बाल सुधार केन्द्र में 299 विचाराधीन नाबालिग कैदी थे। जिनमें 266 लड़के और 33 लड़कियां थी। घटना के बाद से सुधार गृह में सिर्फ 33 लड़कियां 54 लड़के बच गए थे। बाकी 212 लड़के फरार हो गए। रिजाल ने कहा कि जिले की नाकेबन्दी कर दी गई है। बाहर जाने वाले सभी वाहनों की सघनता से जांच की जा रही है। पुलिस सर्च अभियान में लगी हुई है। डीएसपी वसन्त पाठक ने बताया कि शाम 5 बजे तक 84 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है। पाठक के मुताबिक करीब दर्जन भर अलग-अलग टीमें गठित कर पुलिस की गाड़ियां भक्तपुर और काठमांडू में सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। काठमांडू से बाहर जाने वाले सभी रास्तों पर भी नाकेबंदी कर तलाश की जा रही है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।